


दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-77 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 30 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# हाई लेवल मीटिंग के बाद प्रधानमंत्री की सेनाओं को खुली छूट

## -कहा आतंकवाद को मिलेगा करारा जवाब सेना तय करेगी टारगेट और टाइमिंग



नई दिल्ली (ए)। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल थे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर करारा प्रहार करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री ने देश के सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा भरोसा जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों को कार्रवाई के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि हमले के जिम्मेदार आतंकियों और उनके आकाओं को धरती के आखिरी कोने तक भी खोजकर सबसे सख्त सजा दी जाएगी। उनका इशारा पाकिस्तान की ओर था, क्योंकि पाकिस्तान का भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास है। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी।

## पहलगाम अटैक पर बड़ा खुलासा, पाकिस्तानी सेना से जुड़े हैं तार; हमला करने वाला आतंकी पहले था एसएसजी कमांडो

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। जांच में पता चला है कि हमले में शामिल एक पाकिस्तानी आतंकवादी का संबंध पाकिस्तानी सेना से रहा है। पहलगाम नरसंहार में शामिल इस आतंकी की पहचान हाशिम मूसा के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप (SSG) का पूर्व पैरा कमांडो था।रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाशिम मूसा को पाकिस्तानी सेना द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया था और उसे अब आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया। सूत्रों का कहना है कि मूसा का मिशन स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों पर हमले कर दहशत फैलाना था।हालांकि, भारतीय सेना या सरकार की ओर से इस बारे में आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है। जांचकर्ताओं का मानना है कि पाकिस्तान की स्पेशल फोर्सेज और आतंकी संगठनों के बीच गठजोड़ के चलते इस हमले को अंजाम दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। पहले सामने आए तीन संदिग्ध आतंकवादियों के स्केच में से एक हाशिम मूसा का बताया जा रहा है। फिलहाल, सुरक्षाबलों की ओर से मूसा और उसके साथियों की तलाश तेज कर दी गई है।



इंदौर के रवींद्र नाट्य ग्रह में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित एक सेमिनार के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया और अन्य।

## गुजरात में 'मिनी बांग्लादेश' पर 'बुलडोजर स्ट्राइक', 800 से ज्यादा लोगों को किया गया गिरफ्तार



नई दिल्ली (आरएनएस)। गुजरात पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद से 1000 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, अब पुलिस ने चंदोला झील के पास बनी बांग्लादेशी बस्ती पर धावा बोल दिया है। एएमसी ने इस अभियान के तहत चंदोला झील के पास अवैध बस्तियों को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान को लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) शरद सिंघल ने बताया कि डोला झील इलाके में अधिकांश बांग्लादेशी रहते हैं। पुलिस ने बुलडोजर एक्शन लेते हुए 800 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

अहमदाबाद पुलिस ने हाल ही में चंदोला इलाके में गैर कानूनी तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान की थी। अवैध रूप से रह रहे उन्हीं बांग्लादेशी बस्तियों में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत एएमसी के अफसरों चंदोला लेक इलाके के बस्तियों को ध्वस्त कर दिया। दरअसल, गुजरात सरकार के गृह मंत्रालय ने उन बांग्लादेशियों की झोपड़ियों को गिराने के आदेश दिए हैं, जिनकी पहचान अवैध निवास के रूप में हुई है। एएमसी ने पहले चरण में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के घरों पर हथौड़ा चलाने का फैसला लिया है। चंदोला झील क्षेत्र में बुलडोजर चलाने से पहले पुलिस ने इस पूरे इलाके की बिजली काट दी। इसके बाद 50 जेसीबी मशीनें और 30 एमएमसी डंपर बुलाए गए।

# शरिया कोर्ट और दारुल कजा के फैसले को कानूनी मान्यता नहीं : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में दोहराया है कि काजी की अदालत, दारुल कजा या शरिया कोर्ट जैसे किसी भी निकाय को भारतीय कानून के तहत कोई मान्यता प्राप्त नहीं है और इनके द्वारा दिया गया कोई भी निर्देश या निर्णय कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होता।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने यह टिप्पणी एक महिला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें फैमिली कोर्ट ने काजी की अदालत में हुए समझौते के आधार पर निर्णय दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को गलत ठहराते हुए स्पष्ट किया कि इस तरह के निकायों का निर्णय केवल उन पक्षों के लिए मान्य हो सकता है जो स्वेच्छा से उस पर अमल करने के लिए सहमत हों, लेकिन इसे कानूनी रूप से लागू नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने 2014 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले विश्व लोचन मदन बनाम भारत सरकार के मामले का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि शरिया अदालतों और उनके फतवों को भारतीय कानून में कोई मान्यता प्राप्त नहीं है। इस फैसले में स्पष्ट किया गया था कि कोई भी गैर-सरकारी निकाय बलपूर्वक किसी पर अपने निर्णय लागू नहीं कर सकता।

## सुप्रीम कोर्ट का वक्फ अधिनियम से जुड़ी नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली एक दर्जन से अधिक जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने से मंगलवार को साफ इनकार कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में पहले ही पांच याचिकाओं पर सुनवाई का आदेश दिया जा चुका है और अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि ज्यादातर याचिकाएं एक-दूसरे से मिलती-जुलती हैं और कुछ तो पूरी तरह कॉपी की गई हैं। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को सलाह दी कि अगर उनके पास कोई नया या अतिरिक्त आधार है, तो वे इस मामले में अलग से इंटरवेंशन एप्लिकेशन दाखिल कर सकते हैं। सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने स्पष्ट कहा, हम इस मामले में अब और याचिकाएं नहीं सुनना चाहते।

# पीएम मोदी का सर तन से जुदा...कांग्रेस की हरकत पर भड़की भाजपा

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक तरफ पहलगाम आतंकी हमले को लेकर हाईलेवल बैठकों का दौर जारी है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और भाजपा अपनी-अपनी राजनीति का खेल खेल रहे हैं। राजनीति के इसी खेल के बीच कांग्रेस ने पीएम मोदी का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनमें सिर और हाथ-पैर गायब दिखाए गए हैं, कांग्रेस पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस पोस्टर को शेयर करते हुए कहा है कि जिम्मेदारी के समय GAYAB। इस पर बीजेपी ने पलटवार किया है।बीजेपी नेता अमित मालवीय ने एक्स पर रिएक्ट करते हुए कहा कि जिस तरह से कांग्रेस ने 'सर तन से जुदा' वाली तस्वीर का इस्तेमाल किया।

# पाकिस्तान उकसाने से नहीं आ रहा बाज, पांचवें दिन भी सीजफायर उल्लंघन कर सीमा पर कर रहा गोलीबारी, भारतीय सेना का करारा जवाब

श्रीनगर,(ए)। भारत और पाकिस्तान के बीच जम्मू-कश्मीर में हालिया हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद से तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पाकिस्तान ने लगातार पांचवें दिन सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सीजफायर का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की है। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है।जानकारी अनुसार, पाकिस्तान की ओर से कुपवाड़ा, बारामूला और अखनूर सेक्टरों में अकारण गोलीबारी की। हल्की गोलीबारी के जरिए पाकिस्तानी सेना ने भारतीय चौकियों को निशाना बनाने




की नाकाम कोशिश की है, जिसका भारतीय जवानों ने सतर्कता के साथ मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। इस गोलीबारी में किसी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है। इससे पहले भी पाकिस्तान द्वारा तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर में युद्धविराम का उल्लंघन किया गया था।पहलागाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के विभिन्न इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सर्च अभियान छेड़ रखा है।

सुरक्षाबलों ने कई संदिग्ध आतंकियों के घरों को ध्वस्त भी कर दिया है। सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पहलगाम की बैसारन घाटी से सटे कोकरनाग के जंगलों में एक आतंकी समूह के छिपे होने की सूचना पर सेना ने इलाके को घेर लिया है और तलाशी अभियान जारी है।

## पाकिस्तानी हैकर्स का राजस्थान में साइबर अटैक, राज्य सरकार की तीन वेबसाइट्स हैक

जयपुर,(आरएनएस)। पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइटों को निशाना बनाया और उन पर भारत विरोधी संदेश लिख दिए।पाकिस्तानी साइबर अपराधियों ने राज्य में कई सरकारी वेबसाइटों को निशाना बना चुके हैं, जिनमें नवीनतम निशाना शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल है।मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस घटना का संज्ञान लिया और विभाग की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा को सक्रिय कर दिया। हैक की गई वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जबकि रिकवरी ऑपरेशन चल रहा है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है।




## सीमा हैदर को पाकिस्तान भेजने पर फिलहाल कोई आदेश नहीं, पुलिस कर रही है आदेश का इंतजार

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने भारत में पाकिस्तानी नागरिकों को दी जा रही सुविधाएं समाप्त कर दी हैं। इसके चलते भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से दाखिल हुई सीमा हैदर का नाम उन लोगों की सूची में शामिल नहीं है, जिन्हें पाकिस्तान भेजा जाना है।नोएडा पुलिस के अनुसार, सीमा हैदर के संबंध में अभी तक केंद्र सरकार से कोई विशेष आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही आदेश मिलेगा, आगे की कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि सीमा हैदर मई 2023 में नेपाल के रास्ते अपने चार बच्चों के साथ भारत आई थीं। यहां आकर उन्होंने सचिन मीणा से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह भी किया और हाल ही में उनके एक बच्चे का जन्म भी हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा छूट खत्म होने से सीमा हैदर के मामले पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में आज कई जोड़े बंध जाएंगे दाम्पत्य सूत्र में

## विवाह के विशेष व अबूझ मुहूर्त में लग्नसरा के चलते शहर के तमाम बाजार हैं गुलजार

नर्मदापुरम (निप्र)। विवाह के विशेष व अबूझ मुहूर्त में लग्नसरा के चलते शहर के तमाम बाजारों में विशेषकर सराफा सहित अन्य बाजार गुलजार हैं। रौनक बढ़ने का एक प्रमुख कारण किसानों द्वारा उपज बेचने के वाद मिली राशि से स्वर्ण आभूषण एवं चांदी से बनी वस्तुओं के साथ ही अन्य घरेलू उपयोग की सामग्रियों की खरीदी में उत्साह देखा गया। जिनमें अधिकांश ऐसे लोग भी शामिल हैं जिनमें अक्षय तृतीया के साथ ही अन्य परिवारों में अगले सप्ताह में वैवाहिक कार्यक्रम हैं।अ क्षय तृतीया के अवसर पर अनेक समाजों के वैवाहिक कार्यक्रमों की खासी धूम बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों के द्वारा जमकर खरीदी की जा रही है। बाजार में खरीदी कर रहे केशव शर्मा ने बताया कि उनके परिवार में कल शादी है। एक रकम तो पहले ही ले ली थी अब फसल बिकने पर सोचा एक दो रकम और ले लें। इसी तरह गृहणी नानी बाई ने कहा कि वैवाहिक कार्यक्रम के चलते रकम लेना आवश्यक हैं। इसी कारण बिछौड़ी, पायल तथा सोने की एक एक चूड़ी लेने हम हमारे परिवार के साथ आए हैं।

### रकम बनवाई में महंगाई

सराफा व्यवसाइयों का कहना है कि आभूषण बनवाने में खर्च आता है। उसे जोड़कर बता रहे हैं। तो लोगों को ऐसा लग रहा है कि हमारे द्वारा दाम नहीं घटाए गए हैं। जबकि ऐसा




नहीं है। हीरालाल सोनी ने बताया कि रकम बनाने तथा सुधार कार्य में मेहनत लगती है। इस कारण दामों में उछाल समझ आता है। कुछ रेट भी बढ़े हुए हैं।

### हर दुकान पर ग्राहक

सोने.चांदी की मांग बढ़ते ही सराफा क्षेत्र की हर दुकान पर खरीददार पहुंच रहे थे। अक्षय तृतीया पर सोना चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। लग्नसरा के सीजन में दाम कम होने की उम्मीद बनी हुई थी लेकिन ऐसा नहीं होने के बाद भी लोगों ने आभूषण खरीदे।

### सभी गार्डन धर्मशालाएं बुक

विवाह के सबसे खास मुहूर्त पर शहर के सभी गार्डन और धर्मशालाएं मंगल भवन पहले से ही बुक हो चुके थे। इसी के साथ बैंडबाजे डीजे के साथ ही घोड़े वाले और केटर्स आदि सभी की पहले से ही बुकिंग हो चुकी है।

### किसान पूजा के साथ करेंगे खेती की शुरुआत

किसान अक्षय तृतीया को अक्ती के रूप में मनाते हैं। माना जाता है कि इस दिन से खेती की शुरुआत हो जाती है। किसान अपने खेत में पूजन के बाद भले ही थोड़ी मात्रा में लेकिन धान जरूर बोते हैं। इसके साथ ही खेतों की जोताईए कांटा बिनाईए खातुपलाई और झाड़ियों की साफ सफाई की शुरुआत हो जाती है। किसान अख्ती के बाद धान की अगली फसल के लिए तैयार हो जाएंगे और खेती के कार्य में जुट जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र में किसान इस त्योहार को बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं।

### मकान गाड़ी और अन्य सामान खरीदना भी शुभ

अक्षय तृतीया पर मकान जमीन गाड़ी और अन्य सामान खरीदना भी काफी शुभ माना जाता है। शहर के बिल्डर्स और प्रापर्टी डीलर अक्षय तृतीया के लिए खास आफर भी लेकर आए हैं। इसके साथ ही गाड़ियों व इलेक्ट्रानिक्स सामान की खरीदी पर भी ग्राहकों को बेहतरीन आफर दिए जा रहे हैं। शादियों और ईद के लिए कपड़ों की दुकानों में भी खास वैरायटी मंगाई गई है। लोग त्योहार और शादियों को ध्यान में रखते हुए पहले से ही इसकी खरीदारी कर रहे थे।





## उप मुख्यमंत्री ने गैंबल इंडिया के प्रतिनिधियों से की मुलाकात

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनसे पिछले दो दशकों में पी एंड जी शिक्षा के माध्यम से किए जा रहे काम के बारे में जाना। उन्होंने अपनी विशेष कॉफी टेबल बुक - ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ की एक प्रति भी मेरे साथ साझा की, जो बच्चों, स्वयंसेवकों और व्यक्तियों की प्रेरणादायक कहानियों का संग्रह है, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को बदल दिया। इनमें से कई बच्चे मध्य प्रदेश से हैं, जिससे मुझे बेहद गर्व होता है।

## पशुपति नेपाली समाज ने पहलगाम घटना में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

भोपाल, (आरएनएस)। पशुपतिनाथ नेपाली समाज द्वारा गोविन्दपुरा में सोमवार को कश्मीर के पहलगाम में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने आतंकवादी हमले में मारे गए मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेपाली समाज ने आंतकवाद की घोर निंदा की। नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुखद है। बुटवल नेपाल के सन्दिप न्यौपाने सहित सभी 27 पर्यटकों की हत्या से पूरे नेपाल सहित विश्व आक्रोशित है। आतंकवाद किसी भी देश के लिए घातक है। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में दिवाकर अर्याल, डोलराज भंडारी, विष्णु शर्मा, समाज के महामंत्री सुरेश पाण्डे, मनोज अर्याल, श्रीमती निर्मला क्षेत्री, किशोर अधिकारी, टंक मुखिया, श्रीमती दिपकला बश्याल, जगन्नाथ पौडेल, दामोदर वेलवासे, ऋषि लुइँटेल, तालबाहदुर खडका, शंकर रेग्मी, लोकमणी वेलवासे, जिबनारायण घिमिरे, श्रीमती हिरादेवि अर्याल, श्रीमती उमा डुम्रे, बलराम न्यौपाने, रमेश न्यौपाने, मुक्तिराम घिमिरे, लोकमणी पौडेल, लालमणी पाण्डे ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महापौर ने संगीतमय सुन्दरकांड में सम्मिलित होकर की पूजा अर्चना

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय विश्व ब्राह्मण समाज संघ महिला शाखा द्वारा आयोजित संगीतमयी सुंदरकांड में सम्मिलित हुई और विधिवत पूजा अर्चना की। महापौर मालती राय ने सोमवार को तुलसी नगर स्थित नर्मदीय भवन में विश्व ब्राह्मण समाज संघ महिला शाखा द्वारा आयोजित संगीतमय सुंदरकांड में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना की और धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आयोजन समिति की सदस्यगण व श्रद्धालुजन मौजूद थे।

## तालाब किनारे मेडिकल वेस्ट फेंकने वाले फार्म हाउस संचालक को ढूंढ़कर वसूला 10 हजार रुपये का जुर्माना

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत व्यापक पैमाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वाले एवं पर्यावरण को प्रदूषित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के जोन क्र. 08 के अमले ने बिसनखेड़ी क्षेत्र में तालाब के किनारे मेडिकल वेस्ट फेंकने वाले फार्म संचालक का पता ढूंढकर 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम अमले ने साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों एवं स्वच्छता हेतु निर्धारित मानकों का पालन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सोमवार को जोन क्र. 08 का अमला निरीक्षण करते हुए बिसनखेड़ी क्षेत्र पहुंचा जहां तालाब के किनारे मेडिकल वेस्ट पड़ा पाया गया उक्त कचरे में मिले बिल आदि के आधार पर फार्म हाउस संचालक का पता तलाश किया और फार्म हाउस संचालक हेमन्त माथुर में फार्म में पाले गए बकरों की दवाओं का वेस्ट फेंकने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया और भविष्य में मेडिकल वेस्ट खुले में न फेंकने की हिदायत भी दी।

## निगम के अमले ने हटाये विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए ठेले, लोहे का फ्रेम, टेबिल आदि जप्त किए तथा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के कार्य में बाधक अर्जुन नगर क्षेत्र के 20 मकानों को तोड़ा साथ ही भवन अनुज्ञा शाखा को सहयोग देते हुए करोद क्षेत्र में निर्मित अवैध छज्जे को भी तोड़ने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सोमवार को बरखेड़ा पठानी, अवधपुरी, इंद्रपुरी, अशोका गार्डन, ऐशबाग, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्र. 01, एम.पी.नगर जोन-01, कोलार रोड स्थित बीमा कुंज, सर्वधर्म कालोनी, अमरनाथ कालोनी, महाबलीपुरम, ललिता नगर, डीमार्ट, माता मंदिर, जवाहर चैक, रिवेरा टाउन, न्यू मार्केट, लिंक रोड नं. 01, 02 एवं 03, मालवीय नगर, बैरागढ़, मिनी मार्केट, मल्टी लेबिल पार्किंग, लालघाटी, विजय नगर, नारियलखेड़ा, शालीमार काम्प्लेक्स, जनता कालोनी आदि क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से रखी भवन निर्माण सामग्री, कबाड़े का सामान, अवैध शेड, पान पार्लर आदि को हटाते हुए 05 ठेले, 01 लोहे का फ्रेम, 01 टेबिल आदि जप्त की।

# राज्य शासन के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों/परिवार पेंशनरों को देय महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में वृद्धि किये जाने का निर्णय

*प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति*
*राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 की स्वीकृति*



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य शासन के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों / परिवार पेशनरों को देय महंगाई भत्ते एवं मंहगाई राहत की दर में वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। महंगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत की स्वीकृति के फलस्वरूप एरियर राशि सहित राज्य शासन पर कुल व्यय भार 3500 करोड़ रूपये अनुमानित है।मंत्रि-परिषद की बैठक राज्य शासन के सातवें वेतनमान प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को 1 जुलाई, 2024 से 3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुये कुल 53 प्रतिशत एवं 1 जनवरी, 2025 से 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुये कुल 55 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ता में वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। छठवें वेतनमान के कार्मिकों एव निगम / मंडल / उपक्रम के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर राज्य शासन में कार्यरत पांचवें एवं चौथे वेतनमान अंतर्गत कार्मिकों को समानुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ता में वृद्धि के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया।1 जुलाई, 2024 से 30 अप्रैल, 2025 तक की एरियर राशि का भुगतान जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक पांच किश्तों में किया जाएगा। प्रथम किश्त भुगतान माह जून, 2025 ,द्वितीय किश्त भुगतान माह जुलाई, 2025, तृतीय किश्त भुगतान माह अगस्त, 2025, चतुर्थ किश्त भुगतान माह सितम्बर, 2025, पांचवी किश्त भुगतान माह अक्टूबर, 2025 में किया जायेगा।1 जनवरी, 2024 से 30 सितम्बर, 2024 की अवधि में सेवानिवृत / मृत शासकीय सेवकों के संबंध में उन्हें/नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन के पेंशनर्स/परिवार पेंशनर्स को दिनाक 1 मार्च 2025 से सातवें वेतनमान अंतर्गत 53 प्रतिशत एवं छठवे वेतनमान अतंर्गत 246 प्रतिशत पेंशन राहत स्वीकृत करते हुये छत्तीसगढ़ शासन के पत्र दिनांक 12 मार्च 2025 पर सहमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश की बिजली मांग की अवधि एक दूसरे की पूरक होने के कारण मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में पूरक आधार पर विद्युत प्रदाय के लिए मध्य प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस परियोजना से दोनों राज्यों को पृथक-पृथक छः महीनों के लिए बिजली उपलब्ध होगी। कृषि क्षेत्र में होने वाली विद्युत खपत, मध्यप्रदेश की विद्युत खपत का लगभग 41 प्रतिशत भाग है। मध्यप्रदेश की जलवायु अनुरूप रबी फसलों के लिए माह अक्टूबर से मार्च के मध्य, कृषि क्षेत्र में सर्वाधिक विद्युत की मांग रहती है।नवकरणीय विद्युत उत्पादन परियोजनाओं का संचालन कृषि क्षेत्र में होने वाली विदयुत मांग के अनुरूप किया जाना चाहिए। कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की विद्युत आवश्यकलाएँ एक दूसरे की पूरक हैं, अर्थात जिस अवधि में उतर प्रदेश को विद्युत आवश्यकता अधिक होती है (खरीफ माहों), उस अवधि में मध्यप्रदेश की विद्युत मांग कम होती है। इसके विपरीत जिस अवधि में मध्यप्रदेश को विद्युत आवश्यकता अधिक होती है (रबी माहों), उत्तर प्रदेश की विद्युत मांग कम होती है।

**एकीकृत पेंशन योजना ( यू.पी.एस ) के लिए समिति गठित**

मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य शासन के 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त शासकीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यू.पी.एस) लागू करने के संबंध में एक समिति का गठन किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल अध्यक्ष, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, सचिव लोकेश कुमार जाटव, संचालक बजट सुश्री तन्वी सुन्द्रियाल, उप सचिव अजय कटेसरिया, सदस्य होंगें।

## सामान्य वर्ग के निर्धन छात्रों के लिये निःशुल्क कोचिंग और न्यूनतम आय सीमा बढ़ाने के भेजेंगे प्रस्ताव : मंत्री श्री कुशवाह

### मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग की हुई बैठक



भोपाल (आरएनएस)। सामान्य निर्धन वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निःशुल्क कोचिंग तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आय की न्यूनतम सीमा को बढ़ाये जाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जायेगा। यह निर्णय सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री तथा मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि सामान्य वर्ग के गरीब हितग्राहियों को राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने के लिये आयोग गठित किया गया है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आयोग के माध्यम से 11 विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, चिकित्सा शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को भी बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने उच्च शिक्षा ऋण गारंटी योजना के तहत भी निर्धारित 100 विद्यार्थियों की अधिकतम सीमा को बढ़ाये जाने की आवश्यकता जताई। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आयोग द्वारा इन सभी योजनाओं में वृद्धि के प्रस्ताव शासन को भेजे जायेंगे।मंत्री श्री कुशवाह ने पशुपालकों के लिये पशुपालन विभाग द्वारा संचालित आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिये। योजना में वर्ष 2024-25 में 1559 पशुपालकों को 5 करोड़ 20 लाख से अधिक की अनुदान राशि उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश पशुपालन विभाग के अधिकारियों को दिये।



नगरीय विकास एव आवास संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रालय में कैबिनेट में लिए गये फैसलों की जानकारी दी

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समीति ने बची हुई गैस पीड़ित बस्तियो का किया निरिक्षण

### -कोर्ट के आदेश के सालो बाद भी बस्तियों को नहीं मिला पीने के लिये साफ पानी

भोपाल(ए)। सुप्रीम कोर्ट के 30 अगस्त 2018 के आदेश के परिपालन संबध में यूनियन कार्बाइड के आस पास की 42 प्रदूषित मोहल्लों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निगरानी समिति के आदेश पर भोपाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनित अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को 19 मोहल्लों का निरीक्षण किया गया था। मंगलवार को समिति के सदस्यों की टीम ने बाकी बचे मोहल्लों का निरीक्षण कराया जिसकी शुरुआती छ्ब्बुल बंगले से की गई। भोपाल ग्रुप फॉर इनफार्मेशन एन्ड एक्शन की रचना ढिंगरा ने जानकारी देते हुए बताया की मंगलवार को किये गये निरिक्षण के दौरान गैस पीड़ित संगठन के सदस्य समिति के लोगो को उन सभी मोहल्लों में लेकर गए जहां पर सालो बाद आज भी लोगो के पास पीने के लिये साफ़ पानी के कनेक्शन नहीं है, वहीं सीवेज सिस्टम ना होने से रहवासी गंदा और बदबूदार पानी का सेवन कर रहे है। इस दौरान कबाड़खाने, सुन्दर नगर, शाहीन कालोनी, एकता नगर के रहवासियों ने बताया की उनके मोहल्ले में पानी का प्रेशर नहीं है, पहले 15 मिनिट सिर्फ गंदा पानी आता है।

# कामकाजी दीदियों, महिला श्रमिकों और उनके बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर

भोपाल (आरएनएस)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा घरों में काम करने वाली कामकाजी दीदियों एवं महिला श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन 01 मई को किया जा रहा है। कामकाजी महिलाओं के समय और स्थान की सुविधा को देखते हुए दोपहर 1.00 बजे से तंग बस्ती क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उनके बच्चों की जांच एवं टीकाकरण भी किया जाएगा।समुदाय के बीच पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा पूर्व में श्रमिक पीठों, तंग बस्तियों, गल्ला मंडियों, रैन बसेरों, गार्बेज स्टेशंस, वृद्धाश्रमों इत्यादि में समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। ये सभी शिविर हितग्राहियों के सुविधाजनक समय एवं स्थान पर आयोजित किए गए हैं। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक भी किया गया, ताकि वे बीमारियों से बच सकें और लक्षणों की जल्द पहचान कर उपचार ले सकें। इन सामुदायिक स्वास्थ्य शिविरों में 50 हजार से ज्यादा नागरिकों को स्वास्थ्य की विभिन्न सेवाएं प्रदान की गई हैं।महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे इन विशेष शिविरों में बीमारियों के चिन्ह्यांकन एवं उपचार के साथ साथ रेफरल एवं फॉलोअप भी सुनिश्चित किया जाएगा। महिला रोगों की जांच के साथ गर्भवती महिलाओं के लिए एन सी जांच, प्रथम तिमाही में पंजीयन, टीकाकरण, हाईरिस्क चिन्हांकन, पोषण परामर्श सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। कुपोषण की पहचान कर बच्चों के टीके भी इन शिविरों में लगाए जाएंगे। शिविरों में असंचारी रोगों का परीक्षण, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, मलेरिया, क्षय रोग व कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग कर इन बीमारियों की जानकारी के लिए जागरूकता गतिविधियां भी की जाएगी।

# स्कूल द्वारा मौके पर ही दी गई टीसी ताकि कक्षा-11वीं में आसानी से हो सके दाखिला

## जनसुनवाई में 125 आवेदन प्राप्त हुए



भोपाल (ए.)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की निर्देशन में मंगलवार को एडीएम भूपेंद्र गोयल, प्रकाश नायक एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 125 आवेदन प्राप्त हुए।जनसुनवाई में एडीएम श्री गोयल ने एक साथ फीस जमा करने में असमर्थ ईदगाह निवासी - दीपक शिवलानी की पुत्री कक्षा-10वीं की टीसी दिलाई एवं फीस कम कराकर आगामी 3 माह में स्कूल को फीस किश्तों में जमा कराने के दिए निर्देश। स्कूल द्वारा मौके पर ही दी गई टीसी ताकि कक्षा-11वीं में आसानी से हो सके दाखिला। दीपक शिवलानी ने बताया कि मेरे पुत्र/पुत्री कक्षा-5वीं एवं कक्षा-10वीं में खालसा हाई सेकेंडरी शाहजहांनाबाद, भोपाल में अध्ययनरत है। विगत सत्र में बच्चों की फीस जमा करने में असमर्थ रहा तो स्कूल वालों ने कक्षा-11वीं एवं अन्य स्कूल में एडमिशन के लिए टीसी नहीं दे रहे थे। मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन किया तो एडीएम भूपेन्द्र गोयल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए स्कूल से संपर्क कर फीस कम करने एवं किश्तों में राशि जमा करने के निर्देश दिए। स्कूल प्रतिनिधि द्वारा दसवीं के छात्र की टीसी दी गई एवं फीस भी कम कर आगामी माह की किश्त चैक के रूप में जमा कराने का निवेदन स्वीकार किया। एडीएम श्री गोयल, श्री नायक ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## लव जिहाद, ब्लैकमेलिंग और रेप का मामलाः चौथी पीड़ित छात्रा ने कराई FIR, और लड़कियां आ सकती हैं सामने

भोपाल (आरएनएस) राजधानी भोपाल में लव जिहाद, ब्लैकमेलिंग और रेप के मामले में अब चौथी पीड़ित छात्रा सामने आई है। पीड़िता टीईटी कॉलेज की पूर्व छात्रा है। उसने आरोपी साहिल खान के खिलाफ बागसेवनिया थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस ने शून्य पर एफआईआर दर्ज कर लिया है जिसे अब अशोका गार्डन थाना भेजा जाएगा।

**और फरियादी आ सकती हैं सामने**

आरोपी पर छेड़छाड़, दरिंदगी, और लव जिहाद का आरोप है। जिसके खिलाफ पुलिस ने धर्म स्वतंत्र अधिनियम और छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व के मामलों में शिकायत दर्ज है। बता दें कि इस मामले में अब तक 4 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। वहीं 2 फरार हैं जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। माना जा रहा है कि मामले में और फरियादी सामने आ सकती हैं।

**अजमेर कांड की तरह MP में लव जिहाद**

बता दें कि मध्य प्रदेश में जो लव जिहाद का मामला सामने आया है जिसने राजस्थान के अजमेर कांड की याद दिलाता है। इस वारदात का पैटर्न भी वही है। पहले कॉलेज की एक छात्रा को प्यार के जाल में फंसाया गया, फिर उसका अश्लील वीडियो बनाया गया। इसके बाद उसी अश्लील वीडियो को वायरल करने का डर दिखाकर पीड़िता पर दबाव बनाया गया और उसे ब्लैकमेल किया गया।

## वर्दी पर हमला कर फाड़ने वालो ने लगाये पुलिस हमारी बाप है के नारे

### -तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस, बीएनएस की धारा 196 का इजाफा



भोपाल(ए)। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शराब पीने से मना करने पर ड्यूटी पर तैनात जीआरपी जवान से मारपीट कर उसकी वर्दी फाड़ने वाले तीनों मुख्य आरोपियों को जीआरपी भोपाल ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेलवे राहुल कुमार लोढ़ा और उप पुलिस अधीक्षक बिट्टू शर्मा के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का हबीबगंज इलाके में जुलूस निकाला। इस दौरान , आरोपी पुलिस हमारी बाप है, पुलिस पर हाथ उठाना पाप है के नारे लगाते नजर आए। गौरतलब है कि 26-27 अप्रैल की दरम्यानी रात करीब 1:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन परिसर की पार्किंग में एक कार में महिला सहित तीन युवक शराब पी रहे थे। मौके पर ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक नजर दौलत खॉन ने जब उन्हें शराब पीने से मना करते हुए वहॉ से जाने को कहा तब आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए पुलिस वाहन में ही उनके साथ जमकर मारपीट करते हएु वर्दी फाड़ दी। इतना ही नहीं आरोपी ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं। बाद में भीड़ का फायदा उठाकर दो आरोपी और महिला मौके से फरार हो गए, जबकि एक आरोपी जितेंद्र यादव को मौके से ही पकड़ लिया गया था। अधिकारियो ने बताया की जीआरपी ने आरोपियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने लगातार लांबाखेड़ा, करोंद, भानपुर और चौपड़ा जैसे इलाकों में दबिश देते हुए आखिरकार मंगलवार को आरोपियो को मनोहर डेरी, भोपाल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से काली स्कॉर्पियो भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल घटना के समय किया गया था। गिरफ्तार आरोपियो के नाम दिलीप अहिरवार (3), निवासी रुस्तमपुर, थाना निशातपुरा और अमन यादव बताये गये है।

# रोड और ब्रिज के काम पकड़ेंगे रफ्तार

## पीडब्ल्यूडी को मिले तीन सब डिविजन, काम शुरू होने का इंतजार

उज्जैन, (ए)। । सिंहस्थ 2028 के लिए सडक़ों और पुलों के काम अब तेज रफ्तार पकड़ सकेंगे। सरकार ने इसके लिए लोक निर्माण विभाग को तीन सब डिविजन दे दिए हैं। जल्द ही ये डिवीजन काम करना शुरू कर देंगे, जिससे प्रोजेक्ट्स तेजी से आगे बढ़ सकेंगे। इसके साथ ही मध्यप्रदेश सरकार ने संकेत दे दिया है कि वह सिंहस्थ के काम तेजी से करने में कोई कमी नहीं छोड़ रही।

लोक निर्माण विभाग के उप सचिव एआर सिंह ने सिंहस्थ प्रोजेक्ट्स के लिए तीन सब डिवीजन स्थापित करने का आदेश जारी किया है। साथ ही इसके लिए स्टाफ पदस्थ करने के लिए प्रमुख अभियंता को फ्री हैंड कर दिया है। जल्द ही तीनों सब डिविजन में स्टाफ पदस्थ होने पर काम शुरू कर दिया जाएगा। दरअसल विभाग के पास सिंहस्थ के कई बड़े काम हैं और समय की कमी के कारण इनको समय पर पूरा करना बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं सिंहस्थ तैयारियों पर अपनी नजर रखे हुए हैं ताकि स्वीकृत प्रोजेक्ट समय पर पूरे किए जा सकें। सिंहस्थ में पहली बार शहर में एक दो नहीं 18 पुल और रेलवे ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। इनमें से 14 के काम अभी टेंडर प्रक्रिया में हैं। चार की स्वीकृति होना बाकी है। सबसे महत्वपूर्ण फ्रीगंज में नया फोरलेन ओवरब्रिज है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरुकता गतिविधियां जारी

## झुण्डपुरा तिघरा में रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक




ग्वालियर (ए)। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम जारी है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने इस अभियान के तहत प्रभावी ढंग से जिलेभर में जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास विभाग एवं सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि यह रैली ग्राम झंडापुरा, तिघरा रोड ग्वालियर में आयोजित हुई। जिसमें समुदाय की महिलाओं, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वसहायता समूह की दीदियाँ व युवाओं ने भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम में अपनी भागीदारी निभाने की सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली। रैली की शुरुआत के अवसर पर बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि बाल विवाह करना या कराना बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है।

# युवती ने छठवीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

रीवा (आरएनएस)। रीवा में एक युवती ने 6 मंजिला बिल्डिंग से छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। ये घटना रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

अलग-अलग वीडियो में युवती सीढ़ियां चढ़कर ऊपर जाती, फिर छलांग लगाती और नीचे गिरते हुए दिख रही है। इस घटना के 24 घंटे बाद भी युवती की शिनाख्त नहीं की जा सकी है।

युवती ने जिस बिल्डिंग से युवती कूदी, वह नया बस स्टैंड परिसर में मौजूद है। इस बिल्डिंग में बहुत से फ्लैट किराए पर हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि युवती यहां किसी से मिलने के लिए पहुंची हो।

युवती के मल्टी से नीचे गिरते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवती के शव को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस युवती के शव की शिनाख्त और उसके परिजन की तलाश में जुट गई है। समान थाना प्रभारी विकास कपीस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।घटना के 24 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक युवती के शव की शिनाख्त नहीं कर पाई है। समान थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि रविवार लगभग डेढ़ बजे युवती को अपार्टमेंट की छत पर जाते हुए देखा गया था। पूछताछ में पता चला कि वह न तो मल्टी की निवासी थी और न ही किसी परिचित की थी।मौके से एक बैग मिला, जिसमें कुछ कपड़े थे। साथ ही युवती की जेब से एक मोबाइल भी मिला, जो पूरी तरह फॉर्मेट था और उसमें सिम कार्ड भी नहीं था। युवती की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है।

# 2 मई को सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

## एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में होगा पौध-रोपण

रतलाम,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# श्रमिकों के बांग्लादेशी होने के संदेह पर स्टेशन पर हंगामा

## पुलिस की जांच पड़ताल में पश्चिम बंगाल, झारखंड, यूपी के निकले श्रमिक



जबलपुर, (ए)। भेड़ाघाट लम्हेटाघाट ब्रिज निर्माण के लिए बाहर से आए श्रमिकों के बांग्लादेशी होने के संदेह पर जबलपुर रेलवे के मुख्य स्टेशन पर जमकर हंगामा खड़ा हो गया। कुछ महिलाओं ने श्रमिकों को घेर लिया और सिविल लाईन थाने में सूचना दी7 सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और श्रमिकों के पहचान संबंधी दस्तावेजों की जांच की। इनमें से पांच मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के निवासी पाए गए। वहीं कुछ के पास झारखंड और उत्तर प्रदेश के आधार कार्ड मिले।

सिविल लाइन थाना प्रभारी रीतेश पांडे ने बताया कि बंग्लादेशी होने के संदेह में श्रमिकों को रोका गया था। जिसकी तस्दीक के लिए पुलिस बल मौके पर पहुंचा था। दस्तावेजों की जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि 5 श्रमिक मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के रहवासी है।

जो बीते छह माह से मुम्बई कुर्ला में काम कर रहे थे। अब ठेकेदार ने उन्हें नमर्दा नदी में बन रहे भेड़ाघाट लम्हेटाघाट में चल रहे ब्रिज के काम के लिए ठेकेदार द्वारा जबलपुर लाया है। जांच के लिए ठेकेदार को भी बुलाया गया है। शेष श्रमिक यूपी और झारखंड के है।

# जनसुनवाई में आए 54 आवेदनों पर हुई सुनवाई

रतलाम,(आरएनएस)। मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में आवेदकों की सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव ने समस्याएं सुनकर निराकरण योग्य 54 आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

ग्राम पलाश स्थित गुर्जरपाडा निवासी कालुराम निनामा ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि वर्ष 2020-21 में शासकीय योजना (कपिलधारा कूप निर्माण) अन्तर्गत कुआं राशि 2 लाख 30 हजार स्वीकृत की गई थी। प्रार्थी द्वारा अपनी निजी भूमि पर बाजार से कर्ज लेकर कुआं निर्माण कार्य करवा लिया गया। ग्राम सहायक सचिव को उक्त राशि देने के बाद भी आज दिनांक तक मुझ प्रार्थी को स्वीकृत राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। साथ ही कर्जदार अपनी राशि की मांग कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में जब सहायक सचिव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आपको राशि नहीं मिलेगी जो करना है कर लो। कृपया प्रार्थी को कपिलधारा कूप निर्माण में स्वीकृत राशि का भुगतान करने की कृपा करें। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रीवास्तव ने जिला पंचायत शिकायत शाखा को निर्देशित किया है कि सात दिवस में जांच प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करें।

## व्यापार समाचार

# ओपनएआई ने चैटजीपीटी सर्च को लेकर पेश किए नए सुधार

नई दिल्ली , (आरएनएस)। ओपनएआई ने मंगलवार को चैटजीपीटी सर्च को लेकर कई नए सुधारों को पेश करने की घोषणा की। इसमें यूजर के लिए बेहतर शॉपिंग एक्सपीरियंस को भी शामिल किया गया है।

'सर्च' चैटजीपीटी के सबसे लोकप्रिय फीचर्स में से एक है। पिछले हफ्ते में ही 1 बिलियन से अधिक वेब सर्च रिकॉर्ड किए गए हैं।

सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी ने कहा, चैटजीपीटी यूजर्स अब किसी प्रोडक्ट को सर्च करने से लेकर प्रोडक्ट की खरीदारी तक कर सकते हैं। इसके अलावा, यूजर्स के लिए प्रोडक्ट कंपेयर करने की सुविधा भी मौजूद है। यूजर्स के पास पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन, विजुअल प्रोडक्ट डिटेल्स, प्राइसिंग, प्रोडक्ट रिव्यू और खरीदारी के डायरेक्ट लिंक की सुविधा मौजूद होगी।

कंपनी ने आगे कहा कि प्रोडक्ट से जुड़े रिजल्ट स्वतंत्र रूप से चुने जाते हैं और विज्ञापन नहीं होते हैं।

ओपनएआई ने कहा, चैटजीपीटी में व्यापार अभी भी शुरुआती चरण में है और हम व्यापारियों को अपनी यात्रा में शामिल करना जारी रखेंगे क्योंकि हम तेजी से सीखने पर ध्यान देते हैं।

शॉपिंग को लेकर इन नए सुधारों को हर उस बाजार के लिए लाया जा रहा है, जहां चैटजीपीटी उपलब्ध है। इसके साथ ही यह सुविधा प्लस, प्रो, फ्री और लॉग-आउट यूजर्स के लिए लाई जा रही है।

ओपनएआई के अनुसार, मेमोरी जल्द ही सर्च और शॉपिंग के साथ काम करेगी। इसका मतलब है कि चैटजीपीटी यूजर के साथ पहले हुई बातचीत से कॉन्टेक्स्ट समझने की कोशिश करेगा, ताकि यूजर के लिए बेहतर जवाब पेश कर सके।

कंपनी ने कहा, यूजर का चैटजीपीटी की मेमोरी पर पूरा कंट्रोल होगा, जिसे सेटिंग में जाकर किसी भी समय अपडेट किया जा सकेगा। हम इसे कुछ ही हफ्तों में रोलआउट करने की योजना बना रहे हैं। यह ईईए, यूके, स्विटजरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन को छोड़कर सभी प्लस और प्रो यूजर्स के लिए होगा।

चैटजीपीटी को व्हाट्सएप मैसेज भेजकर अप-टू-डेट जवाब पाया जा सकता है। यह सुविधा चैटजीपीटी के साथ सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा, व्हाट्सएप इंटीग्रेशन के बारे में अधिक जानकारी ली जा सकती है और क्यूआर कोड की मदद से व्हाट्सएप कॉन्टैक्ट में चैटजीपीटी को जोड़ा जा सकता है।

# 100 और 200 रुपये के नोटों पर आरबीआई ने जारी किया नया आदेश, बैंक अधिकारियों में मचा हड़कंप

नई दिल्ली , (आरएनएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सभी बैंकों और व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि वे एटीएम में 100 रुपये और 200 रुपये के नोटों की उपलब्धता बढ़ाएं। दरअसल, लोगो जब एटीएम से पैसा निकलवाते थे तो अधिकतर 500 के नोट ही मिलते थे। जिसके बाद अब आरबीआई ने ये फैसला लिया है। तांकि लोगों को एटीएम से 100 और 200 रुपये के नोट आसानी से मिल सकें।

आरबीआई की तरफ से रखी गई पहली टाइम लिमिट 30 सितंबर 2025 है, इस तारीख तक 75त्न एटीएम में कम से कम एक कैसेट से 100 या 200 रुपये के नोट निकलने चाहिए। इसके अलावा 31 मार्च 2026 तक यह आंकड़ा 90त्न तक पहुंचना चाहिए। आरबीआई की तरफ से यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि लोगों को छोटे लेनदेन के लिए जरूरी नोट आसानी से मिल सकें। आरबीआई की तरफ से पिछले दिनों एक प्रेस नोट में बताया गया कि एटीएम इंटरचेंज फीस को एटीएम नेटवर्क की तरफ से तय किया जाएगा। वित्तीय लेनदेन के लिए इंटरचेंज शुल्क को 17 रुपये से बढ़ाकर 19 रुपये कर दिया गया है।

# क्रेडिट कार्ड को UPI से लिंक करने के हैं कई फायदे, मिलेंगे रिवॉर्ड्स; कैशबैक का भी उठाएं लाभ




नई दिल्ली (आरएनएस)। डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के बीच यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) ने लेनदेन को बेहद सरल बना दिया है। अब, यूपीआई को क्रेडिट कार्ड से लिंक करने का विकल्प भी लोकप्रिय हो रहा है, खासकरU RuPay क्रेडिट कार्ड के साथ। यह एक ऐसा कदम है जो आपके भुगतान अनुभव को और भी बेहतर बना सकता है, बशर्ते इसका इस्तेमाल सावधानी से किया जाए।यूपीआई ने देश में पेमेंट के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। अपने RuPay क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करके, आप सीधे अपनी क्रेडिट लिमिट का उपयोग करके यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि आपको हर जगह फिजिकल क्रेडिट कार्ड साथ लेकर चलने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### रिवॉर्ड्स और कैशबैक का लाभ

क्रेडिट कार्ड का एक प्रमुख आकर्षण उनके द्वारा दिए जाने वाले रिवॉर्ड्स और कैशबैक होते हैं, जो अक्सर डेबिट कार्ड से बेहतर होते हैं। RuPay क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करने पर आपको यूपीआई लेनदेन पर भी रिवॉर्ड पॉइंट्स या कैशबैक मिल सकता है, जिससे आपके खर्च पर बचत हो सकती है।

### हर जगह आसान पेमेंट

क्रेडिट कार्ड से हर जगह पेमेंट करना, खासकर छोटी दुकानों या वेंडर्स के पास जहां पीओएस मशीनें नहीं होतीं, मुश्किल हो सकता है। लेकिन यूपीआई क्यूआर कोड लगभग हर जगह उपलब्ध हैं। यूपीआई से लिंक किए गए क्रेडिट कार्ड के जरिए आप इन क्यूआर कोड को स्कैन करके तुरंत पेमेंट कर सकते हैं, जिससे भुगतान की सुविधा बढ़ जाती है।

### आसान क्रेडिट एक्सेस

यूपीआई से क्रेडिट कार्ड लिंक करने से आपके पास एक अतिरिक्त और आसान पेमेंट बैकअप विकल्प उपलब्ध हो जाता है। यह तब बहुत उपयोगी साबित हो सकता है जब आपको कोई बड़ी खरीदारी करनी हो या किसी अप्रत्याशित आपातकालीन स्थिति में तुरंत पैसों की जरूरत पड़े।

# SBI के साथ लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ने साइन किया एमओयू, 18 लाख से ज्यादा लोगों को होगा फायदा

नई दिल्ली (आरएनएस)। लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ने देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया है। इसके तहत सरकारी बैंक लैंड पोर्ट ऑथोरिटी को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेंगी, जिसमें फॉरेन एक्सचेंज, एक्सपोर्ट-इंपोर्ट, कार्ड पेमेंट सर्विसेज और कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज शामिल हैं। इससे 18 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा।स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ जनरल मैनेजर देबाशीष मिश्रा ने बताया कि यह सभी बैंकिंग सर्विसेज लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर प्रदान की जाएंगी। फिलहाल लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के पास 15 एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स हैं और इनमें 11 और जुड़ने वाले हैं। आगे चलकर बैंक इसके हिसाब से ही अपनी सेवाओं का विस्तार करेगा।उन्होंने आगे कहा कि लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के जरिए करीब 18 लाख लोग हमारे देश से बाकी देशों जैसे नेपाल, भूटान और बांग्लादेश जाते हैं। बैंक इन सभी लोगों को जरूरी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगा। एसबीआई के शीर्ष अधिकारी ने आगे बताया कि हमारे पास लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के आस-पास 11 ब्रांच हैं और आगे अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए नई ब्रांच या बैंकिंग आउटलेट खोलेंगे। मिश्रा के मुताबिक, बैंक की योजना अगले छह महीने में पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश सीमा पर मौजूद पेत्रापोल और बिहार में नेपाल सीमा पर मौजूद रक्सौल समेत तीन एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स को कवर करने की है। जहां से 80 प्रतिशत लोग आते-जाते हैं।




# आईफोन 17 की लाॅचिंग पर मंडरा रहे संकट के बादल

## - चीन से आयात में देरी बनी बड़ी चुनौती

नई दिल्ली (ए)। चीन से आईफोन बनाने के लिए आवश्यक मशीनरी के आयात की अनुमति में लगातार हो रही देरी ने चिंता बढ़ा दी है। अगर यह देरी जारी रहती है, तो न केवल अपकमिंग आईफोन 17 के लॉन्च पर असर पड़ सकता है, बल्कि भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग को दोगुना करने की एप्पल की संभावित योजना भी प्रभावित हो सकती है। कंपनी का लक्ष्य था कि भारत से उत्पादन बढ़ाकर अमेरिका में आईफोन की मांग को पूरा किया जाए, ताकि चीन पर लगाए गए भारी आयात शुल्क से बचा जा सके। चीन से आयात को लेकर मंजूरी में देरी केवल इलेक्ट्रॉनिक्स तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सुरंग निर्माण में इस्तेमाल होने वाली ड्रिलिंग मशीनों और सोलर एनर्जी से जुड़ी मशीनों सहित अन्य क्षेत्रों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब सरकार देशभर में सुरंगों के निर्माण पर आक्रामक रूप से काम कर रही है। एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी के टॉप सूत्र ने बताया कि आम तौर पर एप्पल इंक हर साल एक नया मोबाइल फोन लॉन्च करता है, जबकि बाकी कंपनियां कम से कम दो मॉडल लॉन्च करती हैं। भारत में नए मॉडल असेंबल करने के लिए बड़ी मात्रा में नई आयातित मशीनों को रेट्रोफिट करना पड़ता है। लेकिन इस प्रक्रिया में अब लगातार देरी हो रही है, जो नए मॉडल के लॉन्च को प्रभावित कर सकती है। यह भी आशंका है कि मोबाइल असेंबली के लिए चीन से सेकंडहैंड मशीनरी के आयात जो कि वहां से भारत में उत्पादन क्षमता शिफ्ट करने का हिस्सा है, पर भी सख्ती बढ़ सकती है।

# पेट्रोल-डीजल 1 मई से हो सकता है 1.30 रुपए महंगा!

## - केरोसिन की कीमत भी बढ़ सकती है 1.35 रुपए

नई दिल्ली (ए)। वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे घरेलू बाजार भी प्रभावित हो रहा है। इसी की वजह से पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव देखने को मिल रहा है। हालांकि बीते दिनों कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद ये माना जा रहा है कि 1 मई से पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ सकते हैं। इस संबंध में अधिकारिक तौर पर बुधवार को अधिसूचना जारी की जा सकती है। जानकारी के अनुसार पेट्रोल-डीजल के दाम में 30 अप्रैल रात 12 बजे के बाद से 1.30 रुपए बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं केरोसिन की कीमत भी 1.35 रुपए बढ़ सकते हैं। बता दें कि हाल ही में यहां की सरकार ने पेट्रोल पर लेवी 8.02 रुपये बढ़ाकर 78.02 रुपए प्रति लीटर और हाई स्पीड डीजल पर लेवी 7.01 रुपए बढ़ा दी थी। हालांकि इसका असर आम जनता पर नहीं पड़ा। फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 65.52 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 61.87 डॉलर प्रति बैरल पर बनी हुई है।




# रिलायंस इंडस्ट्रीज ने दिया सहारा..मंगलवार को हरे निशान पर बंद हुआ बाजार



मुंबई (ए)। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार की बढ़त को कायम रखते हुए मंगलवार को हरे निशान पर बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में लगातार दूसरे दिन तेजी ने बाजार को बढ़त बनने में अहम भूमिका निभाई।तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक चढ़कर 80,396.92 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 80,661.31 अंक तक चढ़ गया था। अंत में सेंसेक्स 70.01 अंक की बढ़त लेकर 80,288.38 पर बंद हुआ। इसतर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी पॉजिटिव शुरुआत लेकर 24,370.70 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 24,457.65 अंक के शीर्ष तक गया। अंत में यह 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24,335.95 पर बंद हुआ।इंडेक्स हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार दूसरे ट्रेडिंग सेशन में सबसे ज्यादा लाभ में रही और कंपनी ने बीएसई बेंचमार्क को हरे निशान में बंद होने में काफी हद तक मदद की। रिलायंस का शेयर मंगलवार को 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,399 पर बंद हुआ और बीएसई बेंचमार्क में 180 अंकों का योगदान दिया। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इटरनल (पूर्व में ज़ोमैटो), एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस और टीसीएस लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों रहे। इनमें 1 से 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट और सन फार्मा में 2 प्रतिशत की गिरावट आई। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई और नेस्ले इंडिया भी प्रमुख रूप से गिरावट में बंद हुए।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# निशिकांत दुबे का तल्ख अंदाज

वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा सवाल उठाए जाने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तल्ख अंदाज में सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी को संसद भवन को बंद कर देना चाहिए।

दुबे ने 'एक्स' कर अपने पोस्ट में अपने कथन की बिना व्याख्या किए यह सब लिखा है। इसी तरह का बयान भाजपा के राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा ने भी दिया है। अपने नेताओं के बयानों से घिरी भाजपा ने औपचारिक रूप से खुद को इन बयानों से अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शब्द कहा कि दुबे या शर्मा के बयान उनके व्यक्तिगत विचार है, और पार्टी इनसे सहमत नहीं है।

भाजपा सांसदों के बयानों पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पलटवार करते हुए इन बयानों को अपमानजनक बताया। दुबे और शर्मा की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही है। यह अधिनियम इस महीने की शुरुआत में संसद ने पारित किया था। अदालत द्वारा इस कानून के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक उन्हें लागू न करने पर सहमति व्यक्त की है।

इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि देश में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और 'सुपर संसद' के रूप में काम करेंगे। दरअसल, धनखड़ सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र कर रहे थे जिसमें राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर विधेयक पर फैसला लेने की समय-सीमा तय की गई है। उनका कहना था कि पहली दफा है जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है। शीर्ष अदालत द्वारा कोई सवाल उठाने या मौखिक टिप्पणी करने पर असहज होना परिपक्वता की कमी का परिचायक है। वैसे भी ये सवाल किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति द्वारा नहीं उठाए थे कि इनमें राजनीतिक अर्थ खोजे जाएं। सुप्रीम कोर्ट और देश की तमाम अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। संविधान के संरक्षण का मजबूत आधार हैं। उत्पीड़ित महसूस कर रहा पक्ष अदालत का दरवाजा खटखटाता है। उसे विश्वास होता है कि उसका पक्ष अनसुना नहीं रहेगा। अदालतों पर उसका विश्वास है, जो किसी सूरत डमगमाना नहीं चाहिए। राजनीतिक मंतव्यवश हल्की बयानबाजी से बचा चाहिए।



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

# क्या भारत, पाकिस्तान के खिलाफ वाटर बम्ब इस्तेमाल करेगा।

अजय दीक्षित

*एशियन स्टडी फॉर वॉटर मैनेजमेंट की प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ वाटर बार खड़ा कर सकता है।यह रिपोर्ट इस समय प्रकाशित हुई है जब भारत ने इंडस वैली ट्रीटी रद्द करने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 22 अप्रैल की आतंकी घटना के बाद भीषण विवाद हो गया है।इस हादसे में 25 निर्दोष पर्यटक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लश्कर ए तैयबा के टीआरएफ नामक संगठन ने जिम्मेदारी ली है। भारत ने सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं जिनमें एक इंडस वैली ट्रीटी को रद्द कर दिया है।*



यह संधि 1960, में विश्व बैंक के अनुरोध पर पाकिस्तान को रावी व्यास सतलुज, चिनाव झेलम सिंध नदियों का जल उपलब्ध कराने के लिए की गई थी।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारत सरकार ने केंद्रीय जल आयोग के इंजीनियरों को तुरंत सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है कि अगर सिंधु जल को पाकिस्तान जाने से रोकना हो तो किस प्रकार के निर्माण की जरूरत होगी।

क्योंकि इन नदियों पर हाइड्रल पावर स्टेशन तो हैं लेकिन जल भराव क्षमता कितनी है और उसे अपग्रेड करने के लिए कौन कौन सी जगह बांध बनाने पड़ेंगे। केंदीय वाटर रिसोर्स मंत्रालय,को भी सक्रिय किया गया है।सेंटर फॉर इंडियन ओसियन वाटर मैनेजमेंट पुणे के डायरेक्टर डॉ भूले को दिल्ली तलब किया गया है।कुल मिलाकर मोदी सरकार ने पाकिस्तान को वाटर बॉम्ब के जरिए सबक सिखाने की ठान ली है। जानकारी के अनुसार पानी को रोकना या एक दम छोड़ देना भी एक तरह का हथियार है। रावी व्यास सतलुज नदियों में पानी का प्रवाह काफी तेज होता है क्योंकि ये नदियां काफी ऊंचाई से गिरती हैं। पाकिस्तान में पिछले 70 वर्षों में कैनाल सिस्टम बना है तो इनका पानी नहरों में बह कर सिंचाई परियोजना के काम आता है। ब्रिटिश ने भी आजादी से पहले कुछ नहरें लाहौर, पेशावर, कराची में बनाई थी बाद में इनका विस्तार भी हुआ है। लेकिन अगर भारत की ओर से पानी अचानक छोड़ा गया तो पाकिस्तान में तबाही तय है। इसी लिए आज पाकिस्तान के हुक्मरान ने कहा है कि भारत पानी से लड़ेगा तो युद्ध माना जाएगा। पाकिस्तान ने आज सिंधु जल समझौता आयोग में आपत्ति दर्ज कराई है कि भारत इंडस वैली ट्रीटी के तहत हाइड्रल डेटा शेयर नहीं कर रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ ने वाटर बॉम्ब का इस्तेमाल हंगरी पोलैंड चेकोस्लोवाकिया के खिलाफ किया था।

अभी हाल ही में यूक्रेन ने रूस एक बांध तोड़ कर पूर्वी रूस में तबाही मचाई थी। लेकिन पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो भारत के वाटर बॉम्ब को झेलना तो दूर बाढ़ को भी नहीं रोक पाएगा। लेकिन विशेषज्ञ का मत है कि हाल फिल हाल भारत को तैयारी के लिए साल भर तक लग सकता है क्योंकि पानी रोकने के लिए संचालित संरचना कायम करना पड़ेगी।

# शिक्षा एवं वैचारिक शक्ति राष्ट्र की ताकत

## दुश्मन के मानसिक नियंत्रण पर प्रहार

हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकताद्य वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंत:प्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंत: प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

## मोक्ष कैसे प्राप्त करें: भगवद गीता से प्राप्त ज्ञान

मोक्ष कोई कर्मकांड करने का पुरस्कार नहीं है, और न ही यह किसी विश्वास प्रणाली द्वारा प्रदान किया गया कोई उपकार है। मोक्ष प्राप्त होता है जब हम यह जान लेते हैं कि हम वास्तव में कौन हैं और जब हम अपने चारों ओर हर प्राणी में ईश्वर की उपस्थिति को पहचान लेते हैं। भगवद गीता के अध्याय 10, श्लोक 20 में श्रीकृष्ण कहते हैं —मैं आत्मा हूँ, हे अर्जुन, जो सभी प्राणियों के हृदय में स्थित है। मैं सभी प्राणियों का आदि, मध्य और अंत हूँ। यह गहन शिक्षा हमें याद दिलाती है कि ईश्वर कहीं बाहर नहीं है — वह इस सृष्टि के कण-कण में, हर जीवन रूप में विद्यमान है।जब हम इस सत्य को जान लेते हैं, तो किसी भी प्राणी को शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक रूप से चोट पहुँचाना असंभव प्रतीत होता है। हर एक हानि का कार्य उस दिव्यता के विरुद्ध अपराध होता है जो उस प्राणी के भीतर विराजमान है। यह हमारे आत्मा की पवित्रता को दूषित कर देता है और हमें संसार के अंतहीन चक्र में और गहरा बांध देता है। फिर भी आध्यात्मिक प्रगति का सौंदर्य यही है कि यदि हमने अतीत में कोई भूल की है, तो हम सदा के लिए शापित नहीं हैं। सच्चे हृदय से पश्चाताप, ईश्वर से क्षमा की प्रार्थना और गलती को फिर से न दोहराने का संकल्प हमारे हृदय को शुद्ध कर सकता है और मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ने का द्वार खोल सकता है।गीता हमें यह भी सिखाती है कि मृत्यु अंत नहीं है, केवल एक संक्रमण है। अध्याय 2, श्लोक 13 में श्रीकृष्ण बताते हैं — जैसे इस शरीर में आत्मा बचपन से युवावस्था और फिर वृद्धावस्था में प्रवेश करती है, वैसे ही मृत्यु के बाद आत्मा एक नए शरीर में प्रवेश करती है। ज्ञानी व्यक्ति इस पर चकित नहीं होता। हमारे कर्म — हमारे कार्यों की छाप — हमारे साथ एक जन्म से दूसरे जन्म तक यात्रा करते हैं। हर हिंसा, क्रूरता या भावनात्मक छल हमारे सांसारिक बंधनों को और गहरा करता है, और हमें नए जन्मों में उसी पीड़ा का अनुभव कराता है जो कभी हमने दूसरों को दी थी।सच्चा मोक्ष अहिंसा — विचार, वाणी और कर्म के अभ्यास की माँग करता है। इसके लिए करुणा, क्षमा और जागरूक जीवन की आवश्यकता होती है। हर द्वेषपूर्ण विचार, हर पीड़ादायक शब्द, हर अन्यायी कर्म हमारे कर्मों के बोझ को बढ़ाता है और मोक्ष को विलंबित करता है। लेकिन जब हम प्रेम से कार्य करते हैं, अनासक्ति से जीते हैं और हर कर्म को बिना किसी व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा के ईश्वर को अर्पित करते हैं, तो हम धीरे-धीरे झूठे अहंकार को भंग कर आत्मा को शुद्ध करते हैं। जब हम इस चेतना के साथ जीते हैं कि ईश्वर प्रत्येक प्राणी में विराजमान है, तो स्वाभाविक रूप से हमारा जीवन सम्मान, करुणा और उत्तरदायित्व से भर जाता है।




मेष राशि- आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेंगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान करने से उनमें खुशी और आत्म बल बढ़ेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपकी मानसिक और आत्मिक सुख शांति बनी रहेगी। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा। अपने ऊपर नकारात्मकता ना हावी होने दें और स्वयं को व्यस्त रखें। किसी धार्मिक स्थल पर जाकर कुछ समय व्यतीत करना आप को सुकून देगा।

मिथुन राशि- आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। मनोरंजन सम्बन्धी प्रोग्राम बना सकते है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण से जुड़े हुए हैं आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है।

कर्क राशि- आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व हो जायेगी।

सिंह राशि- आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जो कि आपके लिए लाभदायक साबित होगा। आज संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान देंगे। आज आप अपने आत्मविश्वास में कमी न आने दें। अपनी सोच सकारात्मक बनाए रखें और फिजूल की बातों में ना पड़ें। अगर आप किसी नए काम की शुरुआत कर रहे हैं, तो आज पूरा दिन व्यस्त रहने वाले हैं।

कन्या राशि- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार की समस्या को हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और निखार आएगा। घर की जरूरत संबंधी आवश्यकताओं को लेकर मार्केटिंग में समय बीत सकता है। ऑफिस के सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। फिजूल की बातों से बचने की कोशिश करें, आवश्यकता पड़ने पर ही बोलें।

तुला राशि- आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए कार्यों को सीखने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ खास करने का प्लान बनायेंगे। शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लेंगे 7 आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगे जिसमें आपको फायदा होगा। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं आज समाज में उनकी काफी प्रशंसा होगी। पारिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे घर का माहौल खुशनुमा रहेग।

धनु राशि- पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

मकर राशि- आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाएं आज घर के कामकाज समय पर निपटाने में सफल रहेंगी। आज रुठे हुए जीवनसाथी को मनाने के लिए उन्हें मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। सरकारी संबंधित काम करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा। यदि छात्र किसी नए पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं तो आज का दिन अनुकूल है।

मीन राशि- आज का दिन फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिम्मेदारियों पर रखें। हर काम ईमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता हासिल जरूर होगी। अगर आज किसी को प्रपोज करना चाह रहे हैं तो कर सकते है, आपकी किस्मत आपका साथ जरूर देगी। बेरोजगारों को रोजगार मिलने के योग है।

# छत्तीसगढ़ में लिखा जा रहा है ग्रामीण आवास क्रांति का नया इतिहास

नसीम अहमद खान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में इन दोनों ग्रामीण विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार एक अभिनव अभियान मोर दुवार- साय सरकार के माध्यम से गरीब ,वंचित और आवासहीन परिवारों के यहां दस्तक देकर उन्हें सम्मान के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर का अधिकार देने में जुटी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बीते दिनों जगदलपुर प्रवास के दौरान घाटपदमपुर ग्राम से इस अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना का तेजी से और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है । इस बात को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री का पद संभालने के दूसरे दिन ही कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर स्पष्ट कर दिया था। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास देने के अपने संकल्प को पूरा कर रही है।

छत्तीसगढ़ में चल रही ग्रामीण आवास क्रांति का ही यह परिणाम है कि अब गांवों में विशेषकर पिछड़े और गरीब तबके की बस्तियों में मिट्टी के जीर्णशीर्ण घरों और बांस- बल्ली के सहारे टिकी घास-फूंस की झोपड़ी की जगह अब साफ-सुथरे पक्के मकान बने हुए अथवा बनते दिखाई देने लगे हैं। राज्य के मैदानी इलाकों से लेकर सुदूर वनांचल का कोई ऐसा गांव अथवा मजरा- टोला नहीं, जहां 8-10 पक्के घर, प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए हाल- फिलहाल में न बने हों। यह योजना न केवल लाखों गरीब परिवारों को छत दे रही है, बल्कि रोजगार, व्यापार और उद्योगों को भी गति प्रदान कर रही है। इससे सीमेंट, ईंट, सरिया और निर्माण सामग्री से जुड़े व्यवसाय में तेजी आयी है। यह जनकल्याण और आर्थिक विकास का एक संतुलित मॉडल है।

छत्तीसगढ़ राज्य को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए कुल 11,50,315 ग्रामीण आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसमें से अब तक 9,41,595 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास दौरान राज्य को अतिरिक्त 3 लाख आवासों की स्वीकृति देने से यह प्रयास और भी व्यापक हो गया है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी ग्रामीण आवासीय पहल है।

राज्य सरकार समाज के सभी वर्ग के पात्र परिवारों के साथ-साथ बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पक्का आवास उपलब्ध करा रही है। महासमुंद जिले के धनसुली गांव की कमार बस्ती में 15 से अधिक कमार परिवारों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इससे इन जनजातीय परिवारों के जीवन में स्थायित्व आया है और वे शासन की अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार का मोर दुवार- साय सरकार अभियान 30 अप्रैल तक तीन चरणों में संचालित है, जिसमें पात्र हितग्राहियों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करना और ग्राम सभाओं के माध्यम से सूची का वाचन और शत-प्रतिशत पात्र परिवारों का कवरेज सुनिश्चित करने के साथ ही सर्वेक्षण पूर्ण करने वाले कर्मियों का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा गांव में जाकर सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ करना और हितग्राहियों से उनके बारे में जानकारी लेना इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और संकल्पित है।

इस अभियान को जन अभियान का स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधियों, जनसेवियों और स्थानीय कलाकारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पीएम आवास पंचायत एम्बेसडर के रूप में नामित व्यक्तियों द्वारा भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। गृह पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता एवं जानकारी की सहज उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अतिरिक्त, राज्य में जरूरत मंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत 47,090 आवासों के निर्माण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 38,632 आवास स्वीकृत किए गए हैं। राज्य सरकार की विशष पहल पर आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ितों परिवारों के लिए 15,000 विशेष आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनका निर्माण कराया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों के लिए 42,326 आवास के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब तक 27,778 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें से 6,482 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। नियद-नेल्ला-नार योजना के अंतर्गत अब तक 477 आवास पूर्ण कराए गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन बिलासपुर से 3 लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराना इस योजना की सफलता है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 18 लाख पात्र हितग्राहियों को आवास से वंचित रखा गया। छत्तीसगढ़ सरकार अब हर हितग्राही को उसका अधिकार दिलाने की दिशा में काम कर रही है। मोर दुवार- साय सरकार महाअभियान शासन की संवेदनशीलता, नीति की पारदर्शिता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान केवल योजना की सफलता नहीं, बल्कि एक मजबूत, सशक्त और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार आधुनिक बनाई जा रही देश की शिक्षा प्रणाली : पीएम मोदी



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित युग्म कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आज यहां सरकार, एकेडमी, साइंस और रिसर्च से जुड़े भिन्न-भिन्न क्षेत्र के लोग इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। इस एकजुटता को ही युग्म कहते हैं। एक ऐसा युग्म जिसमें विकसित भारत के फ्यूचर टेक से जुड़े स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं, एक साथ जुटे हैं। मुझे विश्वास है, हम जो भारत की इनोवेशन कैपेसिटी और डीप टेक में भारत की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उसे इस आयोजन से बल मिलेगा।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है, इसलिए उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करना बहुत जरूरी है। इसमें शिक्षा की अहम भूमिका है। इसलिए हम 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बना रहे हैं। नई शिक्षा नीति इस बदलाव को आगे बढ़ा रही है। देश में नई नई शिक्षा नीति लाई गई है। इसे शिक्षा के वैश्विक मानक को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नई शिक्षा नीति आने के बाद हम भारतीय एजुकेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव भी देख रहे हैं। कक्षा 1 से 7 तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकें तैयार हो चुकी हैं। पीएम ई-विद्या और दीक्षा प्लेटफॉर्म जैसी पहल पूरे देश में एकीकृत शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रही हैं। इस परिवर्तन का समर्थन करने के लिए एआई द्वारा संचालित एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें। इसमें बड़ी भूमिका देश के एजुकेशन सिस्टम की भी होती है, इसलिए हम देश के एजुकेशन सिस्टम को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और इसे आगे बढ़ाने के लिए, भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। हमने इस दिशा में लगातार काम किया है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि दीक्षा मंच के तहत वन नेशन, वन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है। ये इंफ्रास्ट्रक्चर एआई आधारित है। इसका उपयोग कई देशों में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने में किया जा रहा है। वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन ने युवाओं को ये भरोसा दिया है कि सरकार उनकी जरूरतों को समझती है। आज इस योजना की वजह से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों तक विश्व स्तरीय शोध पत्रिकाओं तक पहुंचना आसान हो गया है। भारत के विश्वविद्यालय परिसर आज नए गतिशील केंद्र बन रहे हैं। ऐसे केंद्र, जहां युवा शक्ति सफलता के नवाचारों को बढ़ावा दे रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारतीय युवाओं को किसी भी तरह की बाधा का सामना न करना पड़े, प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप की स्थापना की गई है। हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवरिया में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह के दौरान.

## सुनिश्चित करना होगा कि एआई हमारी परंपराओं को खतरे में न डाले —गजेंद्र सिंह शेखावत

जयपुर (आरएनएस) । केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य है लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह संस्कृतियों, विविध परंपराओं या रचनात्मक समुदायों को खतरे में न डाले ।यूएई के अबू धाबी में चल रहे कल्चर समिट—2025 मोंडिएकल्ट में मंत्री स्तरीय संवाद में संस्कृति और मानव रचनात्मकता पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव' शीर्षक वाले सत्र में श्री शेखावत ने बताया कि भारत पारदर्शी, समावेशी, नैतिक, जिम्मेदार और हमारी समृद्ध सभ्यतागत विरासत में निहित एआई के निर्माण में वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है ।शेखावत ने संयुक्त अरब अमीरात के संस्कृति मंत्री शेख सलेम बिन खालिद अल कासिमी, स्पेन के संस्कृति मंत्री अर्नेस्ट उर्टसुन और यूनेस्को में संस्कृति के सहायक महानिदेशक अर्नेस्टो रेनाटो ओटोन रामिरेज के साथ चर्चा भी की।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली के पूसा परिसर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की.

## पहलगाम हमले पर बुलाया जाए संसद का विशेष सत्र', राहुल गांधी और खरगे ने पीएम मोदी को भेजा पत्र

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में दहशत का माहौल है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आतंकी हमले पर चर्चा करने का अनुरोध किया। साथ ही पत्र में संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया गया है। पिछले हफ्ते हुए आतंकी हमले के बाद से विपक्ष के कई सांसदों ने सरकार से ऐसी मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में आगे कहा गया, 'इस समय में एकता और एकजुटता जरूरी है, इस महत्वपूर्ण समय में भारत को यह दिखाना होगा कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट हैं।'खरगे के मुताबिक, संसद का विशेष सत्र बुलाकर सभी 22 अप्रैल को निर्दोष नागरिकों पर पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन करेंगे। हमें उम्मीद है कि सत्र तदनुसार बुलाया जाएगा।

## स्पाईवेयर के इस्तेमाल में गलत क्या है?' पेगासस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी



नई दिल्ली,(आरएनएस)। पेगासस स्पाईवेयर मामले में सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को शीर्ष न्यायालय ने कहा कि अगर देश में स्पाईवेयर का इस्तेमाल हो रहा है, तो इसमें गलत क्या है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पेगासस के जरिए जासूसी की जांच कर रही कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है।

बार एंड बेंच के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर कोई देश स्पाईवेयर का इस्तेमाल कर रहा है, तो इसमें गलत क्या है? एक बात साफ कर दें कि स्पाईवेयर रखने में कोई परेशानी नहीं हैज्। इसका इस्तेमाल कुछ ऐसे लोगों जैसे पर किया जा सकता है। राष्ट्र की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते। हालांकि, पीठ ने यह भी जोड़ा, हां सवाल यह हो सकता है कि इसका इस्तेमाल किसके खिलाफ किया जा रहा है। अगर इसका इस्तेमाल सिविल सोसाइटी के व्यक्ति के खिलाफ किया जा रहा है, तो मामले पर विचार किया जाएगा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। लेकिन, जो व्यक्ति यह जानना चाहते हैं कि उन्हें इसमें शामिल किया गया है या नहीं, उन्हें सूचित किया जा सकता है। अदालत ने कहा, हां, व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए लेकिन इसे सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जा सकता। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उसे इस बात की समीक्षा करनी होगी कि तकनीकी पैनल की रिपोर्ट को व्यक्तियों के साथ किस हद तक साझा किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एक अमेरिकी जिला अदालत के फैसले का उल्लेख किया।

## केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बागवानी परियोजनाओं की समीक्षा की

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के शिमला में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बागवानी से संबंधित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पठानिया ने कहा कि शाहपुर में शीघ्र ही उद्यान उत्कृष्टता उप केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इस केन्द्र की स्थापना के लिए इज़रायल के विशेषज्ञ दल ने विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया था। इस रिपोर्ट को प्रदेश सरकार को सौंप दिया गया है। प्रदेश सरकार शीघ्र ही इस केन्द्र की स्थापना का मामला केन्द्र सरकार के साथ उठाएगी। इस केन्द्र की स्थापना पर पांच करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे ।उप मुख्य सचेतक ने कृषि विभाग के अधिकारियों को झुलाड़ फार्म की भूमि उद्यान विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में एचपी शिवा परियोजना की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बागवानी विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा तथा पीसीडीओ शाहपुर में भी पदों का सृजन किया जाएगा।

## राजसमन्द में पटवारी देवराज सिंह 40,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर (आरएनएस)। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में एक और सरकारी कर्मचारी की गर्दन फंस गई है। राजस्थान के राजसमन्द जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) की टीम ने पटवारी देवराज सिंह को 40,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी, दोलपुरा हल्के में कार्यरत था और शिकायतकर्ता से पैतृक ज़मीन के बंटवारे की पूरी प्रक्रिया को अंजाम देने की एवज में यह रकम मांग रहा था।




भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि आरोपी पटवारी देवराज सिंह पुत्र टहला सिंह (उम्र 34 वर्ष), वर्तमान में पटवार हल्का दोलपुरा, तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द में तैनात था। शिकायतकर्ता ने ACB चौकी राजसमन्द को सूचना दी थी कि उक्त पटवारी ज़मीन के बंटवारे से संबंधित कार्रवाई के लिए 30,000 रुपये की रिश्वत मांगकर मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। शिकायत की पुष्टि के बाद ACB ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप की योजना बनाई। ACB उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत चारण के नेतृत्व में टीम गठित कर सोमवार को कार्रवाई की गई।आरोपी पटवारी को रंगे हाथों उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह 500-500 रुपये के असली 10 नोट (कुल 5,000 रुपये) और 500-500 रुपये के डमी नोट (कुल 35,000 रुपये) मिलाकर 40,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। पूरी कार्रवाई कैमरे की निगरानी में की गई और साक्ष्य ACB के पास सुरक्षित हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ और आगे की जांच जारी है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगामी अनुसंधान ACB द्वारा किया जाएगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा, एसीबी भ्रष्टाचार के हर मामले में तत्परता से कार्रवाई कर रही है।

## राहुल गांधी पहुंचे रायबरेली, सोलर रूफ प्लांट का किया उद्घाटन

रायबरेली (आरएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विशाखा फैक्ट्री में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। फैक्ट्री जाते समय राहुल गांधी ने चौराहे पर कार्यकर्ताओं को देखकर अपनी कार अचानक रुकवाकर उनसे मुलाकात भी की। सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विशाखा फैक्ट्री में दो मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट एवं एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।फैक्ट्री जाते समय राहुल गांधी ने त्रिफला चौराहे पर कार्यकर्ताओं को देखकर अपनी गाड़ी अचानक रुकवाई और कार्यकर्ताओं से हाथ मिलाए और उनका हालचाल जाना। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बताया कि कुंदनगंज कस्बे में स्थित विशाखा सीमेंट चादर फैक्ट्री का निर्माण 2005 में शुरू होकर 2006 में पूरा हुआ था, जिसका उद्घाटन तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी ने किया था। तब से फैक्ट्री लगातार सीमेंट चादरों का उत्पादन कर रही है। जिले में थोक और फुटकर सप्लाई कर रही है।

## अब पानी में चलेगी मेट्रो, भारत के इस शहर में शुरू होने जा रही सर्विस, लोगों में खुशी



मुंबई, (आरएनएस)। महाराष्ट्र सरकार राज्य में जल्द वाटर मेट्रो सर्विस शुरू करने जा रही है। जिसकों लेकर मुंबई में कोच्चि की तर्ज पर वॉटर मेट्रो सर्विस शुरू करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसे लेकर केरल के कोच्चि वॉटर मेट्रो से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने का अनुरोध किया गया है।

यह घोषणा महाराष्ट्र के बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने की तरफ से की गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए एक स्पेशल पर्पस व्हीकल की स्थापना की जाएगी, जिसमें राज्य और केंद्र सरकार समान रूप से निवेश करेंगी। मंत्री ने कहा कि मुंबई सात द्वीपों को मिलाकर बना है, लेकिन यहां के जलमार्गों का पर्याप्त इस्तेमाल नहीं हुआ है। वॉटर मेट्रो सर्विस से सड़कों और उपनगरीय रेलवे नेटवर्क पर दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बैटरी चालित फेरी सर्विसेज मुंबई महानगर क्षेत्र के कई हिस्सों को जोड़ेंगी, जिससे यात्रा न केवल पर्यावरण अनुकूल बल्कि बेहतर और तेज भी होगी।

जानकारी देते हुए राणे ने मुंबई महानगर क्षेत्र में कई संभावित रूटों के बारे में बताया, जिनमें नारंगी-खरवडेवरी, वसई-मिरा भायंदर, फाउंटेन जेटी-गाईमुख-नगले, कोलसेट-कल्हेर-मुंब्रा-कल्याण और वाशी-डोमेस्टिक क्रूज टर्मिनल (भाऊचा धक्का) सहित कई शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वॉटर मेट्रो के पहले चरण में 21 स्थानों पर स्टेशन बनाए जाएंगे, जो वैतरणा नदी, वसई, ठाणे, मनोरी और पनवेल की खाड़ियों तथा मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के जलक्षेत्र को कवर करेंगे। दूसरे चरण में 'रो-रो' सर्विस भी शुरू की जाएगी, जिससे मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन संभव होगा। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट के जरिए कनेक्टिविटी भी बेहतर की जाएगी और रोड कनेक्टविटी का विकास भी साथ-साथ किया जाएगा। उन्होंने वसई किले को एक प्रमुख टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित करने और आसपास के किलों, पक्षी अभयारण्यों, धार्मिक स्थलों तथा वॉटर थीम पार्कों को जोड़ने के लिए एक टूरिज्म सर्किट बनाने का सुझाव दिया है। राणे ने जल क्षेत्रों की नियमित सफाई और रखरखाव पर भी जोर दिया ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और टूरिज्म को बढ़ावा मिल सके।

## मैनपुरी में मुठभेड़ में मारा गया एक लाख का इनामी जितेंद्र उर्फ जीतू

मैनपुरी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस ने मैनपुरी में एक लाख का इनामी बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू को मुठभेड़ मार गिराया। पुलिस के साथ एनकाउंटर में बदमाश जितेंद्र गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक (एसपी) गणेश प्रसाद साहा ने मौके पर पहुंचकर एसटीएफ की टीम से मामले की जानकारी ली।

एसपी ने बताया कि जीतू उर्फ जितेंद्र एक लाख का इनामी बदमाश था। इसके संदिग्ध मूवमेंट की सूचना पुलिस को मिली थी। जब इसे रोकने का प्रयास किया गया तो यह रुका नहीं, बल्कि जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। बचाव में पुलिस और एसटीएफ द्वारा भी फायरिंग हुई, जिसमें जीतू को एक गोली लग ई। उसे घायल अवस्था में प्राथमिक चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में बड़ा फैसला, 48 पर्यटक स्थलों को किया गया बंद, देखें लिस्ट



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रदेश भर में सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा एक्शन जारी है। आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे व्यापक तलाशी अभियानों के बीच जम्मू-कश्मीर सरकार ने घाटी के 48 पर्यटक स्थलों को अस्थायी रूप से बंद करने का बड़ा फैसला लिया है।

सरकारी आदेश के मुताबिक, इन स्थलों को सुरक्षा समीक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों के चलते बंद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के 87 पर्यटन स्थलों में से 48 पर फिलहाल पर्यटकों की आवाजाही पर रोक रहेगी। यह कदम संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

जिन प्रमुख पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है, उनमें शामिल हैं:

### बांदीपोरा: गुरेज घाटी

बडगाम: यूसमार्ग, तौसीमैदान, दूधपथरीकुलगाम: अहरबल, कौसरनागकुपवाड़ा: बंगस, करिवान गोताखोर, चंडीगाम हंदवाड़ा: बंगस घाटीसोपोर: वुलर/वाटलैब, रामपोरा और राजपोरा, चेरहार, मुंडिज-हमाम-मरकूट झरना, खंपू, बोस्निया, विजीटॉप अनंतनाग: सूर्य मंदिर खीरीबल, वेरीनाग गार्डन, सिंथन टॉप, मार्गनटॉप, अकाड पार्क

बारामूला: हब्बा खातून प्वाइंट, बाबरेशी तंगमार्ग, रिंगावली तंगमार्ग, गोगलदारा तंगमार्ग, बदेरकोट तंगमार्ग, श्रुंज झरना, कमानपोस्ट उरी, नामब्लान झरना, इको पार्क खडनियार

### पुलवामा: संगरवानी

श्रीनगर: जामिया मस्जिद, बादामवारी, राजोरी कदल होटल कनाज़, आली कदल जे जे फूड रेस्तरां, आइवरी होटल गंदताल, पदशापाल रिसॉर्ट्स, चेरी ट्री रिज़ॉर्ट, नॉर्थ क्लिफ कैफे, वन पहाड़ी कुटिया, इको विलेज रिज़ॉर्ट, अस्तानमार्ग पैराग्लाइडिंग स्पॉट, ममनेथ और महादेव पहाड़ियाँ, बौद्ध मठ हरवान, दाचीगाम ट्राउट फार्म से परे क्षेत्र, अस्तानपोरा (कयाम गाह रिसॉर्ट)

### गांदरबल- लछपत्री लेटरल, हंग पार्क, नारानाग

सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा हालात सामान्य होने पर इन स्थलों को फिर से खोला जाएगा। वहीं, अन्य पर्यटन स्थलों पर फिलहाल पर्यटकों को घूमने की अनुमति बनी रहेगी।

सुरक्षा बलों का आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन भी तेज जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के सफाए के लिए सेना, पुलिस और अन्य एजेंसियां संयुक्त अभियान चला रही हैं। कई आतंकियों को ढेर किया जा चुका है और लगातार तलाशी अभियान जारी हैं। सरकार और सुरक्षाबलों का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में शांति बहाल करना और नागरिकों तथा पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# नविना बोले ने व्हाइट बिकिनी में कराया हॉट फोटोशूट, इंस्टाग्राम पर शेयर की बोल्ड तस्वीरें



टीवी और सोशल मीडिया की पॉपुलर एक्ट्रेस नविना बोले ने एक बार फिर अपने बोल्ड अवतार से फैंस को हैरान कर दिया है. नविना ने हाल ही में एक व्हाइट बिकिनी में ग्लैमरस फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. तस्वीरों में नविना बोले बीच वाइब्स को एंजॉय करती नजर आ रही हैं। खुले बाल, मिनिमल मेकअप और स्टाइलिश व्हाइट बिकिनी में नविना का यह लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. तस्वीरों के साथ नविना ने कैप्शन में लिखा है - वर्तमान में हवाई में हार्लेज़् की सवारी कर रही हूँ।

इस फोटोशूट के लिए नविना ने द रिट्रीट होटल एंड कन्वेंशन सेंटर, मध मुंबई को लोकेशन के तौर पर चुना है. उनके इस स्टनिंग लुक को फैंस से भरपूर प्यार मिल रहा है. कमेंट सेक्शन में लोग हार्ट और फायर इमोजी के जरिए उनकी तारीफ कर रहे हैं।

नविना बोले की यह लेटेस्ट तस्वीरें इस बात का सबूत हैं कि वह फिटनेस और फैशन दोनों के मामले में किसी से कम नहीं हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें ना सिर्फ उनके स्टाइलिश अंदाज को बयां करती हैं बल्कि उनकी आत्मविश्वास भरी पर्सनैलिटी को भी दर्शाती हैं।

# तन्वी द ग्रेट की लीड एक्ट्रेस से हटा पर्दा, अनुपम खेर की डायरेक्टोरियल फिल्म में शुभांगी दत्त आएगी नजर



बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अनुपम खेर 23 साल के लंबे अंतराल के बाद डायरेक्टर की कुर्सी पर बैठे है. अनुपम खेर की आने वाली फिल्म तन्वी द ग्रेट उनके करियर की एक मील का पत्थर है. फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में होगा. वहीं, अनुपम खेर ने काजोल के साथ मिलकर तन्वी द ग्रेट की लीड एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक जारी किया है.अनुपम खेर ने अपने प्रोडक्शन हाउस अनुपम खेर स्टूडियो के सोशल मीडिया हैंडल पर तन्वी द ग्रेट की लीड एक्ट्रेस की झलक दिखाई है. अनुपम खेर स्टूडियो के ऑफिशियल इंस्टाग्राम स्टोरी पर तन्वी द ग्रेट की लीड एक्ट्रेस के फर्स्ट लुक टीजर इवेंट से कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं.पहले पोस्ट में कौन है तन्वी द ग्रेट के बड़े-बड़े पोस्टर देखे जा सकते हैं. जबकि, दूसरे पोस्ट में फर्स्ट लुक की टीजर देखा जा सकता है. इस पोस्ट को कैप्शन दिया गया है, और यहां है वो... मिलिए शुभांगी दत्त से. एक अन्य पोस्ट में स्टेज पर खड़े अनुपम खेर को काजोल के साथ मुस्कुराते नजर आ रहे हैं।

अनुपम खेर स्टूडियो पर तन्वी द ग्रेट से शुभांगी का फर्स्ट लुक टीजर जारी किया गया है और कैप्शन में लिखा है, जबसे मैंने आपको तन्वी द ग्रेट का फर्स्ट लुक दिखाया था तभी से मुझे आपको तन्वी से मिलाने की बहुत उत्सुकता थी. तो आज वो दिन आखिर आ ही गया. लीजिये, मिलिए दुनिया की सबसे प्यारी, अनोखी और मूल लड़की, तन्वी से.फिल्म की कहानी तन्वी नाम की एक रहस्यमयी लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो लैंसडाउन, उत्तराखंड की रहने वाली है. उसकी आंखों में कई सपने हैं, जिसे वह पूरा करने का ख्वाब देखती है. इससे पहले, एक्टर ने यह अनाउंसमेंट किया था कि फिल्म को वर्ल्ड प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में होगा.ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शुभांगी का फर्स्ट लुक टीजर शेयर किया है और फिल्म के बारे में कुछ जानकारी साझा की है. तरण आदर्श ने लिखा है, काजोल ने अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट से शुभांगी को लीड एक्ट्रेस के तौर पर पेश किया है. फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर कान्स में होगा. अनुपम खेर ने शुभांगी को अपनी आगामी निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट की लीड लेडी के रूप में पेश किया है. काजोल ने एक इवेंट में फर्स्ट लुक टीजर का अनावरण किया है.तरण आदर्श के मुताबिक, शुभांगी का सेलेक्शन अनुपम खेर के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल, एक्टर प्रिपेयर्स से हुआ है, जहां उन्होंने सालों तक ट्रेनिंग ली. यह फिल्म प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने वर्ल्ड प्रीमियर के लिए तैयार है.अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट का निर्देशन किया है. जबकि, अकादमी पुरस्कार और गोल्डन ग्लोब पुरस्कार विजेता एम.एम. कीरवानी ने फिल्म में संगीत दिया है।

# कशिका कपूर ने अल्लू अर्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करने की जताई इच्छा



कशिका कपूर ने अल्लू अर्जुन-एटली प्रोजेक्ट का सपना देखा। अल्लू अर्जुन-एटली प्रोजेक्ट की घोषणा बहुत ही शानदार तरीके से की गई और इसमें सिल्वर स्क्रीन पर पहले कभी न देखी गई भारतीय झलक का वादा किया गया। इस बीच, एलवाईएफ (लव योर फादर) से टॉलीवुड में डेब्यू करने वाली कशिका कपूर ने पत्रकारों से बात करते हुए अल्लू अर्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करने की इच्छा जताई। कशिका ने कहा, अल्लू अर्जुन सर एक अद्भुत शख्सियत हैं, उनका करिश्मा, स्टाइल और अपने काम के प्रति समर्पण वाकई प्रेरणादायक है। मैं हमेशा से उनकी इस बात की प्रशंसा करती रही हूं कि वे जिस तरह से हर किरदार को आसानी से अपना लेते हैं, उसमें ढल जाते हैं। किसी दिन उनके साथ स्क्रीन शेयर करना एक सपने के सच होने जैसा होगा। उनके द्वारा बनाए गए सिनेमाई ब्रह्मांड का हिस्सा बनने के विचार से ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं! कशिका कपूर ने अपने म्यूजिक वीडियो से प्रसिद्धि पाई और टॉलीवुड में एलवाईएफ से डेब्यू करने से पहले उन्होंने आयुषमती गीता मैट्रिक पास से हिंदी में डेब्यू किया।

# अजय देवगन की रेड 2 को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी, हटाए गए 2 संवाद




अभिनेता अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की रिलीज को अब सिर्फ चंद दिन बाकी हैं। यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।फिल्म का ट्रेलर और कुछ गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं। अजय इन दिनों जोर-शोर से फिल्म का प्रचार कर रहे हैं।ताजा खबर यह है कि को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। इस फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से यू/ए 7+ सर्टिफिकेट मिला है।रिपोर्ट के मुताबिक, रेड 2 को सेंसर बोर्ड से यू/ए 7+ मिला है।यह सर्टिफिकेट मिलने का मतलब यह है कि इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं और 7 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी व्यस्क के साथ फिल्म देखनी होगी। रेड 2 2 घंटे, 30 मिनट और 53 मिनट लंबी होगी।इसके साथ सेंसर बोर्ड ने फिल्म में कुछ बदलाव के लिए कहा है। यू/ए सर्टिफिकेट मिलने के साथ रेड 2 पर सेंसर बोर्ड की कैंची भी चली है। उन्होंने निर्माताओं से रेलवे मंत्री की जगह बड़ा मंत्री करने के लिए कहा है।इसके अलावा फिल्म की शुरुआत में 8 सेकंड का पैसा, हथियार, ताकत हटाने के लिए कहा गया। रेड 2 में अजय का सामना रितेश देशमुख से होगा। वह फिल्म में नेता दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे।

# केसरीः चैप्टर 2 की कमाई में मामूली सुधार, 10वें दिन खाते में आए इतने करोड़ रुपये



करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म केसरी: चैप्टर 2 का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म ने आते ही दर्शकों के दिलों में जगह बना ली, वहीं समीक्षकों से भी इसे बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली।अक्षय कुमार की इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।आइए जानें केसरी 2 ने 10वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने अपनी रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 8.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 65.45 करोड़ रुपये हो गया है।केसरी 2 साल 2019 में आई फिल्म केसरी का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ। हालांकि, केसरी 2 की कहानी का पहले भाग से कोई लेना-देना नहीं है।केसरी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।केसरी 2 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के इर्द-गिर्द की भयावह घटनाओं को दिखाती है।अक्षय ने इसमें निडर वकील सी. शंकरन नायर का किरदार निभाया है, जिन्होंने अदालत में ब्रिटिश राज को चुनौती दी और सच्चाई बताने की मांग की।आर माधवन ने ब्रिटिश पक्ष का बचाव करने वाले वकील नेविल मैककिनले तो अनन्या पांडे, अक्षय की सहायक वकील दिलरीत गिल की भूमिका में हैं।

# सीटेड लेग प्रेस को सही तरीके से करने के लिए इन बातों का रखें ध्यान



सीटेड लेग प्रेस एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो निचले शरीर की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करती है। यह एक्सरसाइज खासतौर पर जांघों, बटों और पिंडलियों पर काम करती है। सही तरीके से सीटेड लेग प्रेस करने से आपको अधिकतम लाभ मिल सकता है।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप इस एक्सरसाइज को और भी प्रभावी बना सकते हैं।

## मशीन पर सही पोजिशन बनाएं

सीटेड लेग प्रेस मशीन पर बैठते समय ध्यान रखें कि आपकी पीठ पूरी तरह से मशीन की पीठ सहारे पर होनी चाहिए।पैरों को प्लेट पर इस तरह रखें कि घुटने सीधे हों और पंजे पूरी तरह से प्लेट पर टेढ़े रखें। इससे आपको बेहतर संतुलन मिलेगा और एक्सरसाइज करते समय कोई दिक्कत नहीं होगी। इसके अलावा पैरों की स्थिति को ठीक से सेट करने से मांसपेशियों पर सही दबाव पड़ेगा और आपको अधिकतम लाभ मिलेगा।

## वजन का चयन समझदारी से करें

शुरुआत में हल्के वजन का चयन करें ताकि आपकी मांसपेशियां इसकी आदत डाल सकें।

धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं जब आपको एक्सरसाइज करने में सहजता महसूस होने लगे। इससे चोट लगने का खतरा कम होगा और आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी। ध्यान रखें कि वजन इतना न हो कि आप सही फॉर्म में न कर सकें।

सही वजन चुनने से आप अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकते हैं और अपनी फिटनेस को बेहतर बना सकते हैं।

## धीरे-धीरे एक्सरसाइज करें

सीटेड लेग प्रेस करते समय गति पर खास ध्यान दें। इसे धीरे-धीरे ऊपर और नीचे करें ताकि मांसपेशियों पर लगातार दबाव बना रहे।

तेजी से करने पर चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है और मांसपेशियां पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाएंगी।धीरे-धीरे ऊपर लाने और नीचे करने से न केवल आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे बल्कि आपकी मांसपेशियां भी मजबूत होंगी। इसके अलावा यह तरीका आपकी सहनशक्ति को भी बढ़ाता है।

## सांसों पर ध्यान दें

एक्सरसाइज करते समय सांसों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

ऊपर की ओर धकेलते समय सांस लें और नीचे लाते समय सांस छोड़ें। इससे आपकी शारीरिक क्षमता बढ़ेगी और एक्सरसाइज का असर बेहतर होगा।

सही तरीके से सांस लेने से न केवल आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी बल्कि आपकी सहनशक्ति भी बढ़ेगी। इसके अलावा यह तरीका आपको अधिकतम लाभ प्रदान करेगा और एक्सरसाइज को और भी प्रभावी बनाएगा।

## वार्म-अप और स्ट्रेचिंग करें

किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज से पहले वार्म-अप करना जरूरी है ताकि शरीर तैयार हो सके और चोट लगने का खतरा कम हो जाए।

इसके बाद एक्सरसाइज करने के बाद स्ट्रेचिंग करना न भूलें ताकि मांसपेशियां आराम करें और लचीलापन बना रहे।वार्म-अप और स्ट्रेचिंग करने से न केवल आपकी एक्सरसाइज का प्रभाव बढ़ेगा बल्कि आपकी मांसपेशियां भी स्वस्थ रहेंगी। इससे आप अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# तरबूज खाने के बाद भूल से भी न खाएं ये चीजें, हो सकती हैं समस्याएं



गर्मियों में तरबूज खाना काफी अच्छा माना जाता है क्योंकि यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है।

हालांकि, तरबूज खाने के बाद कुछ खान-पान की चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए क्योंकि इनका इनसके साथ सेवन करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

आइए आज हम आपको उन चीजों के बारे में बताते हैं, जिनके सेवन से तरबूज की तासीर में बदलाव आ सकता है।

तरबूज और नमक का मेल नहीं है अच्छा

तरबूज खाने के बाद नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।

इसका कारण है कि नमक और तरबूज का एकसाथ सेवन करने से खून में सोडियम का स्तर बढ़ सकता है। इससे शरीर में पानी का स्तर भी बढ़ जाता है, जो शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

बता दें कि शरीर को पर्याप्त पानी की मात्रा बनाए रखने के लिए सोडियम की जरूरत होती है, लेकिन सोडियम का अधिक स्तर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

तरबूज के बाद दही और छाछ न पिएं

तरबूज के बाद दही या छाछ का सेवन भी नुकसान पहुंचा सकता है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि इन चीजों का सेवन करने से पाचन क्रिया पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इ

सके अतिरिक्त तरबूज खाने के बाद दही का सेवन करने से शरीर में कफ की समस्या हो सकती है।

इस समस्या के कारण सांस लेने में तकलीफ और छाती में जकड़न जैसी कई परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए तरबूज खाने के बाद दही या छाछ न पिएं।

तरबूज के बाद पानी भी है नुकसानदायक

तरबूज खाने के बाद पानी पीने से भी बचना चाहिए। हालांकि, तरबूज खाने से पहले या बीच में पानी पीने से कोई नुकसान नहीं है।

इसका कारण है कि तरबूज में पहले से ही 90 प्रतिशत पानी होता है और इसे खाने के तुरंत बाद पानी पीने से पाचन क्रिया पर दबाव पड़ता है, जिससे उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए तरबूज खाने के कम से कम 1-2 घंटे बाद ही पानी पिएं।

तरबूज के बाद ठंडी चीजें न खाएं

तरबूज खाने के बाद ठंडा पानी या ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम आदि खाने से भी बचना चाहिए।

दरअसल, ठंडे पानी या ठंडी चीजों का सेवन करने से तरबूज में मौजूद पोषक तत्वों का अवशोषण ठीक से नहीं हो पाता है।

इसके अतिरिक्त ठंडी चीजें खाने से गले में खराश की समस्या हो सकती है।

अगर आपको तरबूज खाने के तुरंत बाद ठंडी चीजों का सेवन करना ही है तो तरबूज के बाद 1-2 घंटे का अंतर रखें।

## तरबूज के बाद चाय या कॉफी न पिएं

तरबूज खाने के बाद चाय या कॉफी पीने से भी बचना चाहिए। हालांकि, आप चाहें तो तरबूज खाने से पहले या बीच में चाय या कॉफी पी सकते हैं।

दरअसल, तरबूज खाने के बाद चाय या कॉफी पीने से पाचन क्रिया पर बुरा असर पड़ सकता है।

खासतौर से अगर आप चाय या कॉफी में चीनी मिलाकर पीते हैं तो इससे गैस बनने लगती है।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के खिलाफ भारत का एक्शन, 'एक्स' पर लगाया बैन, दे रहे थे परमाणु बम की धमकी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ पर कड़ा एक्शन लिया है। उनके सोशल मीडिया अकाउंट को भारत में बंद कर दिया गया है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ यह भारत की बड़ी कार्रवाई है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इससे पहले कहा था कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है और उसकी सेना पूरी तरह तैयार है, साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व को सीधा खतरा हुआ तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। उनके इस बयान के बाद भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। पहलगाम हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है। भारत सरकार ने इससे पहले पाकिस्तान के कई यूट्यूब चैनलों पर रोक लगा दी था। गृह मंत्रालय की सिफारिश पर कई यूट्यूब चैनलों को बैन किया गया है। ये चैनल पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और लोगों को भड़काने वाली झूठी व भ्रामक बातें फैला रहे थे। सरकार का कहना है कि ये चैनल देश की शांति और एकता को नुकसान पहुंचा सकते थे।

ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने अपने बयान में कहा- भारत की बयानबाजी बढ़ती जा रही है और पाकिस्तान की सेना ने सरकार को भारतीय हमले की आशंका के बारे में जानकारी दी है। पाकिस्तान पूरी तरह सतर्क है और हम अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल तभी करेंगे, जब हमारे अस्तित्व को सीधा खतरा होगा।

## यूरोप में भीषण बिजली संकट : स्पेन समेत कई देशों में ब्लैकआउट, प्लेन से मेट्रो तक सब ठप

मैड्रिड/लिस्बन (आरएनएस)। यूरोप के कई देशों को सोमवार को अचानक एक बड़े बिजली संकट का सामना करना पड़ा, जिससे स्पेन और पुर्तगाल समेत कई इलाकों में गहरा ब्लैकआउट छा गया। इस अप्रत्याशित संकट के कारण हवाई सेवाओं से लेकर मेट्रो तक का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ और दोपहर के समय मैड्रिड से लेकर लिस्बन जैसे प्रमुख शहर अंधेरे में डूब गए।इस आपात स्थिति से निपटने के लिए स्पेन और पुर्तगाल ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू कर दिए हैं। फिलहाल इस बड़े ब्लैकआउट की वजह की गहन जांच की जा रही है, और शुरुआती तौर पर इसके पीछे साइबर हमले की आशंका भी जताई जा रही है।स्पेन के नेशनल ग्रिड ऑपरेटर 'रेड एलेक्ट्रिका' ने एक बयान जारी कर बताया कि देश भर में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों के साथ मिलकर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। वहीं, पुर्तगाल के ग्रिड ऑपरेटर 'ई-रेडेस' ने स्पष्ट किया कि यह संकट यूरोपीय पावर ग्रिड में आई किसी समस्या के कारण उत्पन्न हुआ। शुरुआती जांच में वोल्टेज असंतुलन को इस व्यापक बिजली गुल का मुख्य कारण माना जा रहा है, जिसने पूरी बिजली वितरण व्यवस्था को चरमरा दिया।

ब्लैकआउट का सीधा और गंभीर असर आम जनजीवन पर पड़ा। ट्रैफिक लाइट्स बंद हो गईं, जिससे सड़कों पर अफरा-तफरी और जाम की स्थिति पैदा हो गई। मेट्रो सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पतालों में हालांकि बैकअप जनरेटर शुरू कर दिए गए, लेकिन अधिकारियों ने अस्पताल स्टाफ को कंप्यूटर बंद करने और बिजली बचाने के अन्य उपाय अपनाने के निर्देश दिए हैं ताकि जरूरी सेवाएं जारी रह सकें।

# कनाडा चुनाव में ट्रूडो की पार्टी फिर जीती, कॉर्नी फिर बनेंगे प्रधानमंत्री; भारत विरोधी जगमीत सिंह की हुई करारी हार

टोरंटो, (आरएनएस)। कनाडा में हुए आम चुनावों के नतीजों में जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी ने फिर से सत्ता में वापसी कर ली है। लिबरल पार्टी को 166 सीटों पर जीत मिलती नजर आ रही है। हालांकि बहुमत के लिए 170 सीटों की जरूरत होती है, लेकिन लिबरल पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और सरकार बनाने की स्थिति में है। इस बार प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी जस्टिन ट्रूडो के स्थान पर मार्क कार्नी संभालेंगे, जिन्हें पार्टी ने आंतरिक रूप से अपना नया नेता घोषित किया है। वहीं मुख्य विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी को लगभग 145 सीटें मिली हैं, जिससे वे सत्ता से फिर बाहर रह गई है।



जगमीत सिंह और एनडीपी को बड़ा झटका खालिस्तान समर्थक नेता जगमीत सिंह को इस चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। उनकी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) पूरे देश में केवल 7 सीटें जीतने में सफल रही। जगमीत सिंह खुद भी अपनी सीट गंवा बैठे और तीसरे स्थान पर खिसक गए। हार के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी।

भावुक होते हुए जगमीत ने अपने समर्थकों से कहा, मैंने मूवमेंट को कमजोर नहीं पड़ने दिया, लेकिन जनता ने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं निराश हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगा। 2021 के चुनावों में एनडीपी को 25 सीटें मिली थीं और जगमीत की पार्टी ने सरकार में किंगमेकर की भूमिका निभाई थी। लेकिन इस बार जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार दिया। भारत विरोधी गतिविधियों से रहा है जगमीत सिंह का नाता सिख समुदाय से आने वाले जगमीत सिंह पर पहले से ही भारत विरोधी गतिविधियों का आरोप रहा है। उन पर खालिस्तान समर्थकों को कानूनी मदद देने और खालिस्तान आंदोलन को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं। भारत ने उन्हें अपने देश में बैन भी कर रखा है। कनाडा में सिख आबादी कुल जनसंख्या का लगभग 2.1 प्रतिशत है और जगमीत ने अपने सिख वोट बैंक को मजबूत करने के लिए खालिस्तान मुद्दे को लगातार उछाला था।

## दर्दनाक हादसाः रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से 22 लोग जिंदा जले, तीन की हालत गंभीर

बीजिंग( आरएनएस)। पूर्वोत्तर चीन के लियाओनिंग प्रांत में एक रेस्टोरेंट में मंगलवार को भीषण आग लगने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की रिपोर्ट में यह दुखद जानकारी दी गई है।यह घटना लियाओनिंग प्रांत के लियाओयांग शहर के एक रिहायशी इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12: 25 बजे (0425 GMT) हुई। आग की लपटें तेजी से फैलीं, जिससे बड़ा नुकसान हुआ।सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस अग्निकांड को 'एक गंभीर सबक' बताया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आग लगने के कारणों का तुरंत पता लगाने, घायलों का सर्वोत्तम इलाज सुनिश्चित करने और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के तहत सजा दिलाने का आग्रह किया है।यह घटना ऐसे समय में हुई है जब चीन में सुरक्षा उपायों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। पिछले साल भी देश के रिहायशी इलाकों में गैस रिसाव के कारण कम से कम दो बड़े विस्फोट हुए थे। इनमें मार्च में चीन के उत्तरी प्रांत हेबेई के एक रेस्टोरेंट में हुए विस्फोट में 2 लोगों की मौत हो गई थी और 26 अन्य घायल हुए थे, जबकि सितंबर में दक्षिणी शेनझेन में एक ऊंची इमारत में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की जान चली गई थी। लियाओयांग रेस्टोरेंट अग्निकांड के बाद, स्थानीय प्रशासन बचाव कार्यों और हताहतों को सहायता पहुंचाने में जुटा हुआ है।



## यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हुई

सना,( आरएनएस)। यमन की राजधानी सना में तीन घरों पर रविवार रात को हुए अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई, जबकि 4 अन्य घायल हो गए। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक बयान में ये जानकारी दी। बयान में कहा गया कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने सोमवार को 15 हवाई हमलों की सूचना दी, जिनमें राजधानी सना सहित उत्तरी यमन प्रांतों में कई स्थानों को निशाना बनाया गया। इस बीच, हूती टेलीविजन के अनुसार, उत्तरी प्रांत सादा में एक प्रवासी केंद्र पर अमेरिकी हमलों में हताहतों की संख्या बढ़कर 68 हो गई है, जिनमें से सभी अफ्रीकी प्रवासी हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार अमेरिकी सेना इस घटना की जांच कर रही है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार दर्जनों लोग घायल हो गए हैं।

## भारत के साथ आगे बढ़ा रहे हैं कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारी : चीन

बीजिंग ( आरएनएस)।चीन ने सोमवार को कहा कि वह भारत के साथ मिलकर कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए संबंधित तैयारियों को आगे बढ़ा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इसे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और जनसंपर्क आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पवित्र पर्वत और झील तिब्बती बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म सहित कई धर्मों के श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।बीजिंग में एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान प्रवक्ता ने कहा, चीन और भारत के बीच हुए समझौते के अनुसार, कैलाश मानसरोवर यात्रा इस गर्मी में फिर से शुरू होगी। दोनों पक्ष फिलहाल आवश्यक तैयारियों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा, इस वर्ष चीन-भारत राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। चीन, भारत के साथ मिलकर नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण साझा समझ को ईमानदारी से लागू करने और द्विपक्षीय संबंधों को अच्छा और स्थिर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। पिछले सप्ताह भारत के विदेश मंत्रालय ने भी घोषणा की थी कि लंबे समय से प्रतीक्षित कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त के बीच आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष पांच दल, प्रत्येक में 50 यात्री, उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से और 10 दल, प्रत्येक में 50 यात्री, सिक्किम के नाथू ला दर्रे से यात्रा करेंगे।बताया गया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए आवेदन स्वीकार करने के लिए वेबसाइट kmy.gov.in शुरू कर दी गई है। 2015 से ही ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत कर दी गई है। विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदकों को जानकारी पाने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर उपलब्ध फीडबैक विकल्प के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है या सुझाव दर्ज किए जा सकते हैं। भारत और चीन इस वर्ष की शुरुआत से ही यात्रा को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया और नियम तय करने में जुटे हुए थे। बता दें कि कैलाश मानसरोवर यात्रा 2020 में कोविड-19 महामारी के फैलने के बाद और चीन द्वारा यात्रा व्यवस्थाओं का नवीनीकरण न करने के कारण स्थगित कर दी गई थी।



# खेल समाचार

# पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

चेन्नई (ए)। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की स्थिति इस बार बेहद खराब रही है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। बुधवार को चेन्नई के अपने घरेलू मैदान चेपक स्टेडियम में उसका सामना पंजाब किंग्स से होगा, जहां टीम अपनी किस्मत बदलने की आखिरी कोशिश करना चाहेगी। अब तक खेले गए नौ मैचों में चेन्नई को सिर्फ दो जीत मिली हैं और 7 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। इस समय वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। वहीं पंजाब किंग्स पांच जीत के साथ पांचवें स्थान पर है और चेन्नई को हराकर वह अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी।चेन्नई के लिए सबसे बड़ी परेशानी रही है उसका खुद का घरेलू मैदान, जहां टीम इस सीजन में लय नहीं पकड़ पाई। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के बाद कमान संभालने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी टीम में जोश भरने में सफल नहीं हो सके हैं। धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि टीम अभी तक सही योजना नहीं बना पाई है और पावरप्ले के दौरान बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में संघर्ष कर रही है। मैच में कई दिलचस्प व्यक्तिगत भिड़ंत देखने को मिल सकती हैं। चेन्नई के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की भिड़ंत पावरप्ले में अर्शदीप सिंह से हो सकती है, जबकि बीच के ओवरों में शिवम दुबे और युजवेंद्र चहल के बीच मुकाबला देखने लायक होगा। चहल शानदार फॉर्म में हैं और चेन्नई का मध्यक्रम उनकी चुनौती से कैसे निपटता है, यह अहम रहेगा।




पंजाब की ओर से प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य लगातार शानदार शुरुआत दे रहे हैं, जिन्हें रोकने की जिम्मेदारी खलील अहमद पर होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर एक स्थिर बल्लेबाज के रूप में टीम के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं और चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद को उन्हें रोकने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

धोनी अब भी 43 की उम्र में एक फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन चेन्नई के अन्य बल्लेबाजों विजय शंकर, दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में जड़ेजा, अश्विन और पथिराना का संघर्ष भी टीम के लिए चिंता का विषय रहा है। पंजाब के पास अर्शदीप, चहल और मार्को यानसन जैसे संतुलित गेंदबाज हैं जो चेन्नई को कड़ी चुनौती दे सकते हैं।

संभावित प्लेइंग 11 : चेन्नई सुपर किंग्स : शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जड़ेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, एमएस धोनी (विकेटकीपर/कप्तान), नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना

पंजाब किंग्स : प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को जानसन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल

## स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए पूर्व क्रिकेटर सुनील जोशी ने की दावेदारी पेश

नई दिल्ली,(ए)। भारतीय क्रिकेट के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए दावेदारी पेश की है। यह पद इस साल की शुरुआत में साईराज बहुतुले के इस्तीफे के बाद खाली हुआ था, जब उन्होंने आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने का फैसला लिया। सीओई जिसे पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के नाम से जाना जाता था, अब बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित है, जहां आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।



54 साल के सुनील जोशी ने भारत के लिए 1996 से 2002 के बीच 15 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैच खेले हैं और वर्तमान में वे पंजाब किंग्स आईपीएल टीम में रिकी पोंटिंग के साथ काम कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने घरेलू क्रिकेट में यूपी टीम को कोचिंग दी है और बांग्लादेश की राष्ट्रीय पुरुष टीम के साथ भी स्पिन गेंदबाजी सलाहकार के रूप में काम किया है।

मीडिया रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक सुनील जोशी को क्रिकेट के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और महाप्रबंधक अब्बे कुरुविला द्वारा एक पैनल के सामने ऑनलाइन इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। इसमें चार अन्य उम्मीदवार भी शामिल हुए थे, जिनमें भारत की अंडर-19 महिला टीम की कोच नूशिन अल खादीर का नाम भी प्रमुख है। नूशिन ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। वे अपनी खेल यात्रा के दौरान ऑफ स्पिनर थीं और पिछले कुछ सालों से एनसीए प्रणाली का हिस्सा रही हैं। राकेश ध्रुव, गुजरात और सौराष्ट्र के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर भी इस पद के लिए मजबूत उम्मीदवार माने जा रहे हैं। वहीं, विदर्भ के अनुभवी ऑफ स्पिनर प्रीतम गंधे ने भी इस पद के लिए इंटरव्यू दिया। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुनील जोशी के पास अन्य सभी उम्मीदवारों की तुलना में अच्छा अनुभव है और उनका टेस्ट क्रिकेट का अनुभव अहम है। वे शीर्ष स्तर की टीमों के साथ कोचिंग का भी अनुभव रखते हैं।

## इंग्लैड दौरे में बुमराह को हर दो मैच के बाद आराम मिले : शास्त्री



मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कहा है कि आगामी इंग्लैड दौरे में टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ नहीं डाला जाना चाहिये। शास्त्री ने कहा कहा कि बुमराह को हर दो मैच के बाद आराम दिया जाना चाहिये। साथ ही कहा कि उन्हें इस बात की आजादी दी जानी चाहिये कि वह अपने अनुसार मैच चुन सकें। भारतीय टीम 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज में इंग्लैंड से खेलेगी और इसे उसके नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत भी होगी।बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे में लगी पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहे थे। इस गेंदबाज ने आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेल में वापसी की थी।शास्त्री ने कहा कि मैं बुमराह को लेकर सतर्क रहूंगा। मैं उसे एक बार में दो टेस्ट मैच दूंगा और फिर ब्रेक का इंतजार करूंगा। साथ ही कहा कि आदर्श रूप से उसे चार खेलने दें। अगर वह शानदार शुरूआत करता है तो आप उसे पांच मैच खेलने के लिए कहेंगे पर ये उसके शरीर पर निर्भर करता है। बुमराह को ये तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए कि वह कौन सा मैच छोड़ता चाहता है। उन्होंने कहा कि उसे ये कहने का पहला अवसर दिया जाना चाहिए कि हां, मुझे थोड़ी परेशानी हो रही है। एक ब्रेक से उसे सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के होने से भारतीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड पर हावी रहेंगे। शमी की अनुपलब्धता, पांचवें टेस्ट में बुमराह का चोटिल होना और सिराज की खराब फॉर्म के कारण भारत बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 1-3 से हार गया।

## पर्पल कैप और ऑरेंज कैप पर काफी कम इनाम देती है बीसीसीआई




मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) विश्व क्रिकेट में सबसे धनी बोर्ड है। इसके बाद वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे अधिक रनों के लिए दी जाने वाली ऑरेंज कैप व सबसे अधिक विकेटों के लिए दी जाने वाली पर्पल कैप के लिए काफी कम इनामी राशि देता है। आईपीएल में पर्पल कैप और ऑरेंज कैप जीतने वाले खिलाड़ियों को सिर्फ 10 लाख रुपए दिए जाते हैं जबकि इस बड़े स्तर के टूर्नामेंट को देखते हुए काफी कम है। इसका कारण है कि मैच फीस के तौर पर ही 7.5 लाख रुपए दिये जाते हैं, इसके अलावा नीलामी की राशि अलग होती है। वहीं पर्पल और ऑरेंज कैप हासिल करने के लिए खिलाड़ी को काफी प्रयास करने पड़ते हैंलेकिन उसके अनुसार रकम नहीं मिलती।

आईपीएल में पर्पल कैप या ऑरेंज कैप जीतना आसान काम नहीं है। आईपीएल में सिर्फ 3 गेंदबाज हैं जो 2 बार यह कैप जीते हैं। ब्रावो ने 2013, 2015 में पर्पल कैप जीती थी। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार ने 2016, 2017 में यह कैप अपने नाम की थी।

## राजस्थान ने गुजरात को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें रखीं बरकरार

### -वैभव सूर्यवंशी बने प्लेयर ऑफ द मैच

जयपुर, । आईपीएल 2025 के 47वें मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी की 35 बॉल में 7 चौके और 11 छक्कों की मदद से खेली गई शतकीय पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को 8 विकेट से हरा दिया है. वैभव को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. इस जीत के राजस्थान प्लेऑफ में पहुंचने की रेस में बनी हुई है।

इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. गुजरात की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 209 रन बनाए. राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 15.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 212 रन बनाकर 8 विकेट से जीत दर्ज कर ली।

इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के लिए वैभव सूर्यवंशी ने 38 बॉल में 101 रनों की पारी खेली. तो वहीं यशस्वी जायसवाल ने 40 बॉल में 9 चौके और 2 छक्कों के साथ नाबाद 70 रनों की पारी खेली. टीम के लिए नीतीश राणा ने 4 और रियान पराग ने 15 बॉल में 2 चौके और 2 छक्के के 32 रनों की नाबाद पारी खेली और अपनी टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी. गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने 1-1 विकेट लिया।

इससे पहले गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल ने 50 बॉल में 5 चौके और 4 छक्कों के साथ 84 रनों की पारी खेली. साई सुदर्शन ने 30 बॉल में 4 चौके और 1 छक्के के साथ 39 रन बनाए. टीम के लिए जोस बटलर ने 26 बॉल में 3 चौके और 4 छक्कों के साथ 50 रनों की पारी खेली. राहुल तेवतिया ने 9 और शाहरुख खान ने 5 रनों का योगदान दिया और स्कोर 209 तक पहुंचाया. राजस्थान के लिए महेश तीक्षाणा ने 2 और संदीप शर्मा व जोफ्रा आर्चर ने 1-1 विकेट लिया।

## वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी शतक ठोककर रचा इतिहास

### -आईपीएल में सबसे तेज और कम उम्र में सेंचुरी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने

जयपुर । राजस्थान रॉयल्स के 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया है. वैभव ने आईपीएल 2025 के 47वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ तूफानी शतकीय पारी खेलकर इतिहास रच दिया है. उन्होंने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 35 बॉल में 7 शनदार चौके और 11 तूफानी छक्कों की मदद से शतक लगाया।

इस शतक के साथ ही वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले यह रिकॉर्ड युसूफ पठान के नाम था जिन्होंने 37 बॉल में शतक लगाया था. पठान ने 2010 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ ये शतक लगाया था. अब वैभव ने 35 बॉल में शतक ठोककर उन्हें पीछे छोड़ जिया है।

वैभव अब आईपीएल में सबसे कम गेंदों में शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं. क्रिस गेल के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं. वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने 2013 में आरसीबी की ओर से खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ सिर्फ 30 गेंदों में शतक लगाया था. ये आईपीएल इतिहास का अब तक का सबसे तेज शतक हैं।

इसके साथ ही वैभव सबसे कम उम्र के शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं।

## पूर्व मंत्री हर्णे की द्वितीय पुण्यतिथि पर विवेकानंद युवा मंडल ने आयोजित किये कार्यक्रम

नर्मदापुरम (निप्र)। विवेकानंद युवा मंडल के अध्यक्ष प्रसन्न हर्णे ने बताया कि दादा मधुकर राव हर्णे की द्वितीय पुण्यतिथि पर विवेकानंद युवा मंडल द्वारा सर्वप्रथम सत्य साई सेवा समिति के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन पर शुद्ध पेयजल एवं शरबत का यात्रियों को वितरण किया गया। इसके तत्पश्चात संकल्प मूकबधिर संस्था में अध्यनरत विद्यार्थियों को भोजन वितरण किया गया तथा इसके बाद बांद्राभान स्थित आश्रम वृद्ध आश्रम में 30 वृद्ध जनों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हंस राय केशव उर्मिल कमलराव चव्हाण अजय शर्मा देवी सिंह राजपूत गणेश यादव रिजवान हैदर चमनपुरी गोस्वामी महेश बावरिया क्रतेश पिपरदे अनुप रिछारिया बलराम मिश्रा छगनलाल आठनेरे राधेश्याम राधा गौर शशांक गौर महेश मूलचंदानी के एन त्रिपाठी रामदास बंसत संतोष गुर्जर हेमंत एवं विवेकानंद युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री समर्पण श्री का स्वच्छता को लेकर हस्ताक्षर अभियान

नर्मदापुरम( निप्र)। श्री समर्पण श्री संस्था द्वारा नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेकर संस्था के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। जिसके तहत स्वदेश सैनी व अन्य सदस्यों ने सीएमओ को और कलेक्टर को ज्ञापन दिया है और विगत 3 हफ्ते होने के बाद भी उनके द्वारा स्वच्छता को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा है जिसको लेकर संस्था अब नागरिकों के बीच जाकर स्वच्छता को लेकर अपील करेगी और उनसे नगर को स्वच्छ होना चाहिए कि नहीं इसको लेकर चर्चा करेगी इस अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जा रहा है। जिसमें समस्त नागरिकों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे इससे पूर्व इंदिरा चौक पर इस अभियान का प्रारंभ हुआ। जिसमें व्यापारी वर्ग ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया । स्वदेश सैनी ने बताया कि अब सभी सदस्यों के द्वारा शाम 5 बजे मीनाक्षी क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

## प्रफुल्ल तिवारी नर्मदांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष बने

नर्मदापुरम( निप्र)। वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी एक बार फिर नर्मदांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष बनाए गए। पूर्व अध्यक्ष आशीष दीक्षित के द्वारा पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए स्तीफा दिए जाने से अध्यक्ष पद रिक्त होने पर संगठन को नए अध्यक्ष बनाए जाने की प्रक्रिया के तहत संगठन सदस्यों के द्वारा प्रफुल्ल तिवारी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें संगठन के सभी सदस्यों ने शुभकामानएं दी हैं।

### मुख्य मार्ग पर गूंजा जय-जय परशुराम का जयघोष

# नर्मदा नगरी में भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर निकली धूमधाम से शोभायात्रा

### शहनाई वादन के साथ निकली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा विप्र बंधुओं, नारी शक्ति और युवाओं ने दिखवाया जोश





नर्मदापुरम( निप्र)।सर्व व्रिप समाज के द्वारा दो दिवसीय भगवान परशुराम प्रकटोत्सव मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर भजन कीर्तन के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

जिसमें युवा बच्चे और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। नारी शक्ति और युवाओं ने विशेष जोश दिखाया। शहर के मुख्य मार्ग पर जय-जय परशुराम के जयघोष करते हुए शोभायात्रा निकाली गई जिसका समापन सेठानी घाट पर हुआ। जहां पर अनेक समाजसेवियों ने ब्राम्हण समाज की एकता और अनुशासन पर जोर दिया। इस मौके पर वरिष्ठों ने कहा कि ब्राम्हाण समाज ने सभी का कल्णाण किया है। भगवान परशुराम ने आवश्यकता पड़ने पर शस्त्र और शास्त्र दोनों ही उठाए हैं। जब जब जीवन में परेशानी आती है तो दोनों के प्रति सजग रहना है। ब्राम्हण समाज राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगा हुआ है। हम सब एकता के साथ रहें।

### पुष्प वर्षाकर स्वागत किया

शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर तथा सेठानी घाट पर विप्र समाज की महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नारी शक्ति के समूह ने पीले वस्त्र धारण कर पूरे अनुशासन के साथ ।

शोभायात्रा में पूरे समय उत्साह व उमंग के साथ हिस्सा लिया। तिलक भवन में भी महिलाओं के द्वारा जय-जय परशुराम का जयघोष किया गया। अनेक संगठनों के द्वारा बाजार में अनेक चौराहों पर तथा मार्ग पर पुष्प वर्षा कर तथा शीतल जल सरबत, आईसक्रीम के साथ स्वागत किया गया।

### परशुराम जी की शोभायात्रा

सर्व विप्र समाज के द्वारा सेठानी घाट से सायं के समय भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में ब्राम्हण समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा की तैयारी पिछले पखवाडे से चल रही थी। कल अक्षय तृतीया के अवसर पर गोपाल मंदिर में भगवान परशुराम की पूजन अर्चन व अभिषेक किया जाएगा।

## फिल्म टूरिज्म के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा : कलेक्टर

नर्मदापुरम( निप्र)। जिले में लगातार महारानी जैसी ख्यात वेबसीरीज की शूट से जिले के फिल्म टूरिज्म को नया आयाम मिला है। हम चाहेंगे कि जिले में ज्यादा से ज्यादा फिल्म शूटिंग हो और स्थानीय कलाकारो को अच्छा मंच मिले और स्थानीय व्यवसाय को भी फायदा हो। फिल्म टूरिज्म संवर्धन



के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा। ये बात स्थानीय सर्किट हाउस में महारानी वेबसीरीज की शूटिंग के पहले दिन ख्यात अभिनेता प्रमोद पाठक के सीन का मुहूर्त क्लैप के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने कही। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ ,नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव भी उपस्थित थी। कलेक्टर सोनिया मीना ने सर्किट हाउस में फिल्म के निर्माता नरेन कुमार,कार्यकारी निर्माता शशि ठाकुर, डायरेक्टर पुनीत प्रकाश, फर्स्ट एडी सोन,डीओपी अनुराग सोलंकी, प्रोजेक्ट डिजाइनर पारुल विक्रम, आदि से मिलकर फिल्म निर्माण की तकनीकी जानकारी ली और स्थानीय कलाकारो से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## 24 दिनों के बाद नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर फिर लहराया 100 फिट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

### तिरंगा बदलवाने नर्मदापुरम के मनीष परदेशी ने एक्स पर चलाई थी मुहिम

नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम रेल्वे स्टेशन पर 100 फिट ऊंचा लगा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पिछले 5 अप्रैल से नहीं लहरा रहा था। कारण था निचले हिस्से से राष्ट्रीय ध्वज फट गया था और यह फटा हुआ ध्वज पिछले दिनों 5 अप्रैल को दिनभर लहराता रहा जो कि राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की श्रेणी में आता है। उस दिन निचले हिस्से से फटे राष्ट्रीय ध्वज की फोटो दिन भर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। लेकिन तभी नर्मदापुरम के मनीष परदेशी ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सहित केंद्रीय रेल मंत्रालय एवं डीआरएम भोपाल को एक्स के माध्यम से पोस्ट कर अवगत कराया था। अपनी एक्स पोस्ट में मनीष परदेशी ने फटे ध्वज पर लाल गोला लगाकर जिम्मेदारों से इस फटे तिरंगे को उतारकर उसके स्थान पर दूसरा लगवाने की अपील की थी। उस दिन शाम को आनन फानन में रेल्वे के स्थानीय अधिकारियों ने फटा हुआ ध्वज निकाल लिया था। सोशल मीडिया और एक्स पर पुन: नया तिरंगा लगाने की मुहिम चलाने वाले मनीष ने बताया कि वह इस मुहिम के दौरान निरंतर वह एक्स पर रेलवे की जिम्मेदार अधिकारियों से नया तिरंगा कब लगेगा सवाल पूछते रहे। रेलवे विभाग कीर से डीआरएम भोपाल के ऑफिसियल एक्स एकाउंट से उन्हें लगातार जवाब मिलते रहे कि कार्य



प्रगति पर है और हम जल्द तिरंगा लगा देंगे तो कभी हाइड्रा मशीन ना होने का हवाला देते रहे। लेकिन 24 दिनों के बाद मुहिम रंग लाई और मंगलवार सुबह रेल्वे के अधिकारियों ने नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर पुन: एक बार नया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहरा दिया। स्टेशन पर पुन: राष्ट्रीय ध्वज लगने पर नर्मदापुरम के मनीष परदेशी ने एक्स के माध्यम से रेल मंत्री एवं डीआरएम भोपाल सहित इस कार्य में लगे रहे स्थानीय रेलवे अधिकारियों का धन्यवाद दिया एवं उनका आभार माना है।

## नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने सीवरेज परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने नर्मदापुरम शहर में प्रगतिरत सीवरेज परियोजना की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और परियोजना के शेष निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की।इस अवसर पर मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की नर्मदापुरम इकाई के परियोजना प्रबंधक राजेन्द्र खाडे एवं उप परियोजना प्रबंधक चंद्रशेखर कावलकर ने डॉ. शर्मा को परियोजना की वर्तमान स्थिति, अब तक पूर्ण हुए कार्यों और आगामी कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया। नर्मदापुरम जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे भी समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम शहर में यह सीवरेज परियोजना नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा जर्मन बैंक केएफडब्लयू के सहयोग से संचालित की जा रही है। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 159 करोड़ है और इसका उद्देश्य शहर के जल-मल प्रबंधन ढांचे को सुदृढ़ करना है।

## युवा सनाढय ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर आयोजित किए कार्यक्रम

नर्मदापुरम( निप्र)। युवा सनाढय ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष आनंद थापक के नेतृत्व में भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मंगलवारा घाट स्थित सनाढय सभा प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम का अभिषेक किया गया। इस दौरान हनुमान चालीसा भगवान परशुराम जी का पाठ किया गया। पूरे विश्व के कल्याण के लिए भगवान परशुराम से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित गोपाल प्रसाद खड्डुर सनाढय समाज के संरक्षक ललित थापक केके शर्मा केएन त्रिपाठी अध्यक्ष रामकुमार गुबरेले एवं वरिष्ठ एवं युवा सदस्य विनोद दुबे भारत बिल्थरिया विनोद बुधौलिया शिवकुमार दुबे राजेंद्र शर्मा सुखदेव भार्गव गौरव पाठक आशुतोष शर्मा चंद्रभूषण शर्मा राजेंद्र शर्मा सतीश उपाध्याय राजेश पाराशर गोविंद गोविंद आदुजं रामूआदुजं विजय शर्मा अमित श्रुति धनंजय दुबे रामकृष्ण शर्मा सुनील थापक रोहित शर्मा शिवांश तिवारी पीयूष स्वामी बृजेश शर्मा संस्कार शुक्ला संजीव शर्मा अजय पाठक सौरभ थापक संतोष शर्मा गौरव पाठक आशुतोष शर्मा ओम प्रकाश शर्मा नितेश शर्मा अभय शर्मा संस्कार शुक्ला विनोद बुधौलिया रघुनंदन रावत जगदीश शर्मा रोहित शर्मा मातृशक्ति ममता दुबे साधना दुबे आदि सहित विप्रो ने उपस्थित होकर भगवान परशुराम का प्रकट उत्सव मनाया गया।

## घरों के सैप्टिक टैंक से निकलने वाले मलवे से भी नगरपालिका बनाएगी खाद, बन गया बडा प्लांट

इटारसी (निप्र)। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज घरों के सैप्टिक टैंक से निकलने वाले मल व पानी से खाद बनाने के लिए बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टेक्नीकल टीम की प्रमुख एई सुश्री मिनाक्षी चौधरी उपयंत्री मयंक अरोरा मौजूद थे। नगरपालिका जिलवानी में घरों के सैप्टिक टैंक से निकलने वाले अपष्टि के प्रबंधन के लिए एफएसटीपी बना रही है।

यह काफी बडा । यह बनकर तैयार हो गया है। इसमें प्रोडेक्शन नगरपालिका बुधवार से शुरू कर देगी। उपयंत्री मयंक अरोरा के मुताबिक 60 केएलडी क्षमता का एफएसटीपी 25 लाख रुपए लागत से बना है। इसमें सैप्टिक टैंक से निकलने वाले मल और गंदे पानी को अलग अलग किया जाएगा। मल से जैविक खाद बनाई जाएगी और पानी को फिल्टर करते हुए इसका उपयोग पेड पौधे में डालने के लिए किया जाएगा।

### इनका कहना है

सिलवानी में आज इंजीनियर विभाग के अधिकारियों के यहां बने एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण भी किया। काम पूर्ण हो गया है। यहां से जो खाद बनेगी वह पार्कों में डाली जाएगी।

**'पंकज चौर, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद इटारसी**

### मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष 2025-26 की प्रथम किस्त का वितरण कार्यक्रम 30 अप्रैल को

नर्मदापुरम( निप्र)। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष 2025-26 की प्रथम किस्त का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा 30 अप्रैल 2025 को उमरबन, जिला धार से इस योजना की प्रथम किस्त का वितरण किया जाएगा। तत्संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में 30 अप्रैल 2025 को जिला स्तर पर एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नहरो पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित कर उसे प्राथमिकता से हटाने की कार्रवाई की जाए : कमिश्नर

### कमिश्नर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली

नर्मदापुरम ( निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को निर्माण विभाग की बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्य पालन यंत्रियों को निर्देश दिए कि वह संभाग की नहरो पर हुए अतिक्रमण को प्राथमिकता से चिन्हित करें और उन नहरो पर हुए अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाने की कार्रवाई भी करें। कमिश्नर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद भी सतत रूप से नहरों में निगरानी भी रखी जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संसाधन विभाग अपने सोपे गए कार्य एवं लक्ष्य को प्राथमिकता से पूरा करें। कमिश्नर श्री तिवारी मंगलवार को जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू तथा ब्रिज कॉरपोरेशन विभाग के कार्यों की संभागीय समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीणा ने बताया कि नर्मदापुरम में तीन निर्माण कार्य निर्माणाधीन है इनमें एक माइनर एवं दो माध्यम सिंचाई परियोजनाएं शामिल है, इसके अतिरिक्त झाड़ बीड़ा माइनर प्रोजेक्ट भी शामिल है। देवरी सिंचाई योजना की प्रशासकीय स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है।

## कर्मचारी सुनील शर्मा बहुमुखी प्रतिभा के धनी है, सभी शाखाओ में उत्कृष्ट कार्य करके दिखाया -कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

### कर्मचारी सुनील शर्मा हुए सेवानिवृत, कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई



नर्मदापुरम( निप्र)। कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी सुनील शर्मा अपनी अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री शर्मा को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने विदाई समारोह में सुनील शर्मा का शाल एवं श्रीपाल से सम्मान किया एवं कहां की श्री शर्मा बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। उन्होंने सभी शाखाओं में उत्कृष्ट कार्य करके दिखाया। साथ ही अपने जूनियर साथियों के प्रति बहुत ही स्नेह रखते थे। जब भी साथी कर्मचारियों ने उनसे मार्गदर्शन चाहा तो श्री शर्मा हमेशा अपना काम छोड़कर संबंधित कार्य को प्राथमिकता देते हुए उसमें अपना सहयोग प्रदान करते थे। सुनील शर्मा की प्रथम नियुक्ति जुलाई 1990 में सहायक ग्रेड तीन के पद पर सिवनी जिले में हुई थी। वर्ष 2005 से श्री शर्मा कलेक्टर कार्यालय नर्मदा पुरम में पदस्थ थे एवं विभिन्न शाखों जैसे रीडर, लाइसेंस शाखा, जिला नजीर, शिकायत शाखा, एडीएम के रीडर शाखा एवं अन्य शाखाओं में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करके अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया।

## केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड "अ" में आयोजित 12 दिवसीय फास्ट फूड उद्यमी प्रशिक्षण शिविर का किया गया समापन

इटारसी ( निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के द्वारा विभिन्न विभागो से समन्वय स्थापित कर केन्द्रीय जेल नर्मदपुरम के बंदियों को स्वरोजगार परक, कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम के द्वारा एन.आर.एल.एम. योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय फास्ट फूड उद्यमी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 16 अप्रैल 2025 से 27 अप्रैल 2025 तक किया गया।आयोजित 12 दिवसीय फास्ट फूड उद्यमी प्रशिक्षण शिविर में बंदियों को कचोडी, समोसे, फुलकी, छोले भटुरे, मोमोस इत्यादि फास्ट फूड बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन आरसेटी नर्मदापुरम से प्रशिक्षक श्रीमती ललिता राजपूत द्वारा किया गया। जिससे बंदी जेल से रिहा होने पर स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर उसे सही तरिके से संचालित कर सके। प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सचिन सोलंकी एन.ए.आर.परीक्षक, श्रीमती राखी सेवरिया एन.ए.आर.परीक्षक, श्रीमती रश्मि गुप्ता समन्वयक आरसेटी नर्मदापुरम एवं जेल क पदाधिकारी संतोष सोलंकी जेल अधीक्षक, प्रहलाद सिंह बरकडे उप अधीक्षक एवं हितेश बंडिया अष्टकोण अधिकारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान सिलारी ( पिपरिया ),जिला-नर्मदापुरम ( म.प्र. )**

E-Mail - adh.ppi@gmail.com दूरभाष 07576-220109

क्र./उद्यान/तक/नीलामी/2025-26/57 सिलारी, दिनांक 28.04.2025

**नीलामी सूचना**

इस कार्यालय के अधीन शासकीय उद्यान सिलारी/रामपुर एवं खापरखेड़ा की आम एवं शासकीय उद्यान सिलारी की कटहल फलबहार वर्ष 2025 की नीलामी हेतु सीलबंद निविदाए दिनांक 24.04.2025 दिन गुरूवार को आमंत्रित की गई थी। जिसमें से शासकीय उद्यान सिलारी के खण्ड (ब + स) की निविदा नीलामी समिति द्वारा निरस्त किये जाने के फलस्वरूप दिनांक 07.05.2025 को पुन: प्रात: 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 02:30 बजे उपस्थित व्यापारियों के समक्ष खोली जावेगी। आमंत्रित निविदाओं में पर्याप्त राशि न आने पर उसी दिन खुली बोली से नीलामी करवाये जाने का विकल्प खुला रहेगा।

**फलबहार का उधानवार विवरण निम्नानुसार है।**

| क्र. | उद्यान का नाम | धरोहर राशि | फलबहार | कुल फलित पेड़ों की संख्या | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सिलारी उद्यान खण्ड-I ब + स | 25,000.00 | कलमी आम | 123 | दशहरी, लंगडा, चौसा, फजली मिश्री, मल्लिका एवं अन्य किस्में |

नीलामी की शर्ते एवं अन्य जानकारी के लिये सहायक संचालक उद्यान सिलारी (पिपरिया) के कार्यालयीन समय में दूरभाष नम्बर 07576-220109 पर सम्पर्क करें।

जी/12184/25

सहायक संचालक उद्यान
सिलारी ( पिपरिया )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें



**कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला-नर्मदापुरम ( म0प्र0 )**

क्रमांक/पंजीयन/2025/831 नर्मदापुरम दिनांक 17/04/2025

**:: सूचना पत्र ::**

प्रति,

1. श्री/श्रीमती..............................................
सदस्य बी-पैक्स कालाआखर तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम।
2. श्री/श्रीमती..............................................
सदस्य बी-पैक्स केसला तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम।
3. श्री/श्रीमती..............................................
सदस्य बी-पैक्स देवगांव पिपरिया तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम।
4. श्री/श्रीमती..............................................
सदस्य बी-पैक्स तरौनकलां तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम।

आप सोसायटी के सदस्यगण को म.प्र. सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 16 की उपधारा 5 के अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि आपकी सोसाइटी (प्रभावित सोसाइटी)का पुर्नगठन कर निम्न "परिणामी सोसाइटी" के गठन का निर्णय सोसायटी की विशेष आमसभा दिनांक 07.04.2025 में लिया गया है। "परिणामी सोसाइटी" के समक्ष लिखित ग्रामों के सदस्यों के हित प्रभावित होना संभावित है। अत: आपको यह विकल्प देने का अवसर दिया जाता है कि आप "परिणामी सोसाइटी" के सदस्य बनने हेतु सहमति प्रदान करे अथवा प्रभावित सोसाइटी से अपना अंश, हित या शोध्य की मांग करे। उक्त सूचना कार्यालयीन पत्र क्रमांक/पंजीयन/2025/827 से 830 दिनांक 17.4.25 से सदस्य को सोसाइटी के माध्यम से दी गई है। यदि आप 30 दिवस में अपना विकल्प सोसायटी कार्यालय में प्रस्तुत नहीं करते है तो यह माना जाएगा आप "परिणामी सोसाइटी" के सदस्य बनना चाहते है और आपको उसका सदस्य माना जाएगा-

| क्रं. | प्रभावित सोसाइटी का नाम | परिणामी सोसाइटी का नाम | परिणामी सोसाइटी के कार्यक्षेत्र में ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | बी-पैक्स कालाआखर | छीतापुरा | छीतापुरा, चिचली, पिपरियाखुर्द, बोरखेडा, सारादेह, कोहदा, लालपानी, मातना, रांझी, समाधपुरा, भौदारैयत, चांदकिया, खौहरा |
| 2 | बी-पैक्स केसला | मल्लूपुरा | दौडी, झुनकर, चनागड, घोघरारैयत, मल्लूपुरा, पोढार, धाम |
| 3 | बी-पैक्स देवगांव पिपरिया | रिछैडा | बीजनवाडा, पनारी, रिछैडा, बोरी, घोघरी, तमनापुर, बारीदेवी, चौका, झिरिया, डोकरीखेडा |
| 4 | बी-पैक्स तरौनकलां | मुहारीकलां | मुहारीकलां, मुहारीखुर्द, हथनीखापा, सुआखापा, चुटका, सांगई, खैरीकला,डब्का, कुर्सीखापा, अन्होनी |

इस सूचना पत्र का प्रकाशन परिणामी सदस्यों के हितों के संरक्षण हेतु सहकारी अधिनियम के प्रावधानों अन्तर्गत किया जा रहा है।

जी/12172/25

डिप्टी रजिस्ट्रार
सहकारी संस्थाये नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*